जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 98 प्रभात जालोर, रविवार 14 जुलाई, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# 'आप लोग लम्बी छुट्टी पर ना जायें, बहुत कुछ होने वाला है'

## कांग्रेस के प्रवक्ता ने उपचुनावों के नतीजे आने के बाद पत्रकारों को सलाह दी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। कांग्रेस तथा इण्डिया गठबंधन के लिए यह एक यादगार दिन है, जिन्होंने उपचुनावों में 13 में से 10 सीटें जीत ली हैं। भाजपा 2 सीटों पर विजयी रही है और 1 सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी जीता है।

भाजपा को एक और प्रबल संकेत देते हुए, कांग्रेस ने उत्तराखण्ड की बद्रीनाथ सीट जीत ली है। कांग्रेस ने उत्तराखण्ड में दोनों सीटें जीती हैं तथा हिमाचल प्रदेश में 3 में से 2 सीटों पर उसे विजय मिली है।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सभी चार उपचुनावों में विजयी रहीं, डी.एम.के. तमिलनाडू में जीती और बिहार में पप्पू यादव के नजदीकी माने जाने वाले एक निर्दलीय की जीत हुई है।

भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में एक तथा मध्यप्रदेश में एक सीट पर विजय हासिल की है।

आम आदमी पार्टी पंजाब में जालंधर सीट पर विजयी रही, जिसे आम आदमी पार्टी के लिए अच्छी खबर माना जा रहा है।

- **लोकसभा चुनावों के बाद, देश में हुए 13 उपचुनावों में 10 सीटों पर जीत दर्ज कराने के बाद, कांग्रेस पार्टी का मनोबल हिलोरें मार रहा है।**
- **कांग्रेस ने दावा किया कि अयोध्या के बाद बद्रीनाथ व अन्य धार्मिक सीटों पर जीत इस बात का द्योतक है कि अब धार्मिक नारे जनता को रास नहीं आ रहे हैं तथा चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने लोकसभा चुनाव से पूर्व कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से भाजपा के वोटों में कुछ इजाफा नहीं होगा।**
- **बिहार में न तो लालू यादव की पार्टी जीती और न ही भाजपा-जे.डी. (यू) गठबंधन जीता, एक निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई जो पप्पू यादव के करीबी बताये जाते हैं।**
- **कांग्रेस ने भाजपा पर कटाक्ष किया कि आत्ममंथन करना चाहिए कि "ये गड़बड़ क्यों हो रहा है।"**

लोकसभा चुनावों के तुरंत बाद आये उपचुनावों के परिणाम इण्डिया गठबंधन के लिए अच्छी खबर हैं और माना जा रहा है कि इससे इण्डिया गठबंधन का मनोबल बहुत बढ़ेगा।

कांग्रेस ने उपचुनाव के परिणामों को "भाजपा के मुँह पर थप्पड़" बनाते हुए कहा है कि भाजपा नेतृत्व को अपने अंदर झांककर देखना चाहिए, यह समझने के लिए कि गलत क्या हो रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पत्रकारों से कहा है कि लंबी छुट्टी पर ना जाएं, बहुत कुछ होने वाला है। शायद वो यह संकेत देना चाहते हैं कि अगले कुछ महीनों में भाजपा सरकार के संदर्भ में कुछ भारी राजनीतिक डवलपमैंट हो सकते हैं। उनका इशारा शायद यह है कि मोदी सरकार के लिए बड़ा संकट पैदा हो सकता है।

चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और उनके परिणाम इस बात का संकेत होंगे कि हवा का रुख किधर है और क्या मोदी वाकई संकट में हैं।

कांग्रेस के अनुसार, अयोध्या, बद्रीनाथ तथा धार्मिक रूचि वाले अन्य स्थानों के चुनाव परिणाम स्पष्ट संकेत देते हैं कि राजनीतिक लाभ के लिए हिन्दूवाद के इस्तेमाल से मतदाता तंग आ गए हैं और अब वो हिन्दू मुसलमान मुद्दे से प्रभावित नहीं हो रहे हैं।

## जमीनी विवाद में रिश्तेदार की हत्या, बुजुर्ग को आजीवन कारावास

जयपुर, 13 जुलाई (का.सं.)। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-6 महानगर द्वितीय ने जमीनी विवाद के कारण हुई रंजिश में रिश्तेदार की हत्या करने वाले बुजुर्ग अभियुक्त सगीर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 72 वर्षीय इस अभियुक्त पर 20 हजार पांच सौ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने सजा की अवधि को तय करते हुए कहा कि, यह सही है कि अभियुक्त 72 साल की उम्र का है, लेकिन उसका अपराध समाज को आतंकित करने वाला है। ऐसे में उसे आजीवन कारावास देना उचित है।

- **आरोपी सगीर अहमद ने जमीन के विवाद में अपने रिश्तेदार अयूब की हत्या कर दी थी। आरोपी 72 वर्षीय है पर अदालत ने कहा, उसका अपराध समाज को आतंकित करने वाला है।**

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सत्येंद्र सिंह ने अदालत को बताया कि, घटना को लेकर मृतक के बेटे आमिर ने 11 जनवरी, 2022 को भट्टा बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके पिता अयूब का हमारे रिश्ते में दादा लगने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इंडिया गठबंधन का कहना है, आपातकाल को राजनैतिक दृष्टि से भुनाने की नीति सफल नहीं हो पा रही भाजपा की?

## आर.जे.डी., भाकपा व अन्य दलों ने सार्वजनिक रूप से कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन में फूट डालने का प्रयास कर रही है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। आपातकाल के भूत को बंद बोतल से बाहर लाकर "जैसे को तैसा" वाली भाजपा की रणनीति वर्तमान की राष्ट्रीय राजनीति में फिट बैठती प्रतीत नहीं होती क्योंकि प्रमुख विपक्षी पार्टियों ने भाजपा के इस दृष्टिकोण को यह मानते हुए खारिज कर दिया है कि यह बेरोजगारी और मंहगाई सहित राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर बहस से बचने का जुगाड़ है।

भाजपा पर संविधान को पुनः लिखने और एक एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के आरक्षण को समाप्त करने को लेकर कांग्रेस और विपक्ष के प्रचार अभियान के एक सीधे पलटवार के रूप में भाजपा नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार ने अपने शासन के लगातार ग्यारहवें वर्ष में भी आपातकाल के भय को पुर्नजीवित किया है।

नए सांसदों के शपथ ग्रहण के तुरन्त बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने एक प्रस्ताव का पठन किया था, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा करीब 50 वर्ष पूर्व लगाए गए आपातकाल की भर्त्सना की गई थी। अब गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें कहा गया है कि आपातकाल लागू किए जाने की तिथि 25 जून को "संविधान हत्या दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि इस प्रकार के कदमों से नए वोटर्स की मनोस्थिति पर कोई प्रभाव पड़ेगा।

- **इंडिया गठबंधन का यह भी मानना है कि आपातकाल में मुख्य रूप से पीड़ित होने वाले भी कह रहे हैं कि यह पुरानी बात हो गई है और इस समय उसे उठाना विपक्ष की एकता में दरार पैदा कर रहा है।**
- **शिव सेना प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि आपातकाल की घोषणा तब की गई थी जब रामलीला मैदान से, सेना के जवानों से सरकार के आदेश नहीं मानने की अपील खुलेआम की गई थी। तब राष्ट्रीय सुरक्षा के कारण आपातकाल लगाया गया था।**

इस मुहिम को शुरु करने के पीछे भाजपा का प्रकट उद्देश्य कांग्रेस को उसी की भाषा में जवाब देना और साथ ही इण्डिया गठबंधन की पार्टियों में फूट डालना है क्योंकि मुलायम सिंह यादव सहित विपक्ष के नेता आपातकाल के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प. बंगाल में चारों सीटें जीतीं तृणमूल कांग्रेस ने

## लोकसभा चुनाव की रणनीति दोबारा अपनाई तृणमूल कांग्रेस ने उप चुनावों में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। जहाँ इण्डिया गठबंधन विधानसभा उपचुनावों में अपने पार्टनरों की जीत की खुशियां मना रहा है, वहीं पश्चिम बंगाल की जमीनी स्थिति विपक्षी दलों के लिये बड़ी भयानक बनी हुई है।

विपक्ष के अधिकांश राजनेता एवं उम्मीदवार कह रहे हैं कि विधानसभा उपचुनाव वाले चारों विधानसभा क्षेत्रों में वैसी ही घिनौनी स्थिति है, जैसी लोकसभा चुनावों के दौरान थी।

तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी उम्मीदवारों को डराने-धमकाने, शारीरिक हिंसा की धमकियाँ देने, उन्हें एक स्थान तक सीमित कर देने जैसे हथकंडों का सहारा लिया था तथा सत्तारूढ़ दल की विजय के विगत परिणाम के लिये हर प्रकार के साधनों को काम में लिया था।

बाहुबल और हथियारों के ऐसे खूले प्रदर्शन तथा तिकड़मों के बाद भी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने जोर देते हुए कहा था कि जनता ने उनकी पार्टी के पक्ष में मतदान किया है।

- **सत्तारुढ़ पार्टी ने अपने फायदे के लिए सरकारी मशीनरी का जमकर दुरुपयोग किया बी.डी.ओ. व डी.एम. अधिकारियों का अपने हित में उपयोग करके**
- **इसका स्पष्ट उदाहरण था कि केन्द्रीय सरकार ने गंभीर हालात से निपटने के लिए जो क्विक रैस्पाँस टीम भेजी थी उसे राज्य पुलिस द्वारा घुमावदार रास्तों से गंतव्य स्थान पर ले जाया गया, और टीमें काफी देर से पहुंचीं।**
- **मतदान केन्द्रों पर तृणमूल के असामाजिक तत्व तैनात किए गए थे। लोगों ने विपक्षी नेताओं व कार्यकर्ताओं, जिसमें भाजपा भी शामिल है, को पोलिंग बूथ तक नहीं पहुंचने दिया।**

सत्तारूढ़ दल ने अपने हितों को पूरा करने के लिए राज्य प्रशासन (जैसे बी.डी.ओ., डी.एम. तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों) के काम में लिया था। केन्द्र सरकार ने मतदान केन्द्रों तथा उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में आपातकालीन स्थितियों को सँभालने के लिये "क्विक रेस्पॉन्स" टीम (क्यू.आर.टी.) गठित की गई थी।

किन्तु इन क्यू.आर.टी. टीमों को उपद्रवग्रस्त स्थानों तक ले जाने का काम राज्य पुलिस ही करती थी। निरपवाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आवंटियों की सहमति के बिना बिल्डर ले-आउट प्लान नहीं बदल सकता

जयपुर, 13 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान रियल एस्टेट अपीलीय प्राधिकरण ने एक प्रकरण में निर्णित किया कि बिल्डर आवंटियों की सहमति के बिना निर्माण शुदा इमारत के ले-आउट प्लान में कोई भी परिवर्तन नहीं कर सकता। इसके अलावा संबंधित इमारत के ब्रॉशर में अंकित की गई सुख-सुविधा आवंटियों को मुहैया कराई जाएंगी, फिर चाहे उन्हें आवंटियों से निष्पादित किए गए इकरारनामे में दर्शाया गया हो या नहीं। प्राधिकरण ने यह आदेश साउथ एक्स रैजिडैंस वेलफेयर सोसायटी की अपील पर दिए।

- **राजस्थान रियल एस्टेट एपिलेट ने एक केस में यह फैसला दिया और कहा कि बिल्डिंग ब्रोशर में अंकित सभी सुविधाएं आवंटियों को मुहैया कराई जानी चाहिए।**

अपील में अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने बताया कि बिल्डर विर्गो बिल्ड स्टेट ने सांगानेर में साउथ एक्स के नाम से एक आवासीय टाउनशिप वर्ष 2014 में शुरू की। जिसमें बिल्डर ने विला, फ्लैट और ग्रुप हाउसिंग बनाने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हिमाचल की जीत से कांग्रेस विशेष रूप से प्रसन्न है

## मु.मंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की खुशी का कारण है कि अब अन्य पार्टियों के विधायकों को तोड़ने का प्रयास करने वालों की कोशिशें अब बंद हो जायेंगी

-सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। सात राज्यों में हुए उपचुनावों में विपक्ष के इण्डिया गठबंधन को विधानसभा की 13 सीटों में से 10 पर विजय प्राप्त हुई है, सत्तारूढ़ भाजपा के साथ लोकसभा चुनाव में अपना मजबूत प्रदर्शन किया था, भाजपा जो पिछले माह केन्द्र में तीसरी बार लगातार सत्ता में आई है, उसे मात्र दो सीटें ही मिली हैं।

हिमाचल में एक उल्लेखनीय शुरुआत देखी गई, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू की पत्नी कमलेश ठाकुर को देहरा निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त हुई। नलगढ़ सीट को भी जीतने से कांग्रेस की स्थिति मजबूत हुई है, जबकि भाजपा हमीरपुर की ही एक सीट को जीतने में सफल हो पाई है।

मुख्यमंत्री सुखू ने उपचुनावों में जीत के बाद अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, हिमाचल की जनता ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो लोग प्रदेश की "सरकार को गिराने का षडयंत्र रच रहे थे।"

सुखू ने कहा "हिमाचल की जनता ने 2022 के चुनावों में हमें 40 सीटें दी थीं। जनता ने अवैध रूप से सरकार गिराने वालों को सबक सिखाया है क्योंकि ऐसा प्रदेश की राजनीति में पूर्व में होता था।"

उन्होंने आगे यह भी कहा कि "इन चुनावों से यह भी संदेश जाता है कि प्रदेश की जनता सचेत व जागरूक है और अब ऐसी तोड़-फोड़ की योजनाएं सफल नहीं होंगी। तीन निर्दलीय विधायकों के पास इस्तीफा देने का कोई कारण नहीं था। वे सिर्फ फौरी तौर पर ही भाजपा से जुड़े थे परन्तु उनको भी सबक मिल गया।"

- **मध्य प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशी धीरन शाह की हार ने अब फाइनल मोहर लगा दी, कांग्रेस के पूर्व मु.मंत्री कमलनाथ के राजनीतिक जीवन व प्रभाव के अन्त पर।**
- **बिहार में जे.डी. (यू.) की ओर से कई बार पूर्णिया सीट से विधायक बनीं बीमा भारती का किस्सा भी अजीबोगरीब है। उन्होंने, जे.डी. (यू.) से चुनी गई सीट से इस्तीफा देकर, आर.जे.डी. के उम्मीदवार के रूप में लोकसभा का चुनाव लड़ा था। पर, वे लोकसभा चुनाव में विजयी नहीं हुईं तो उन्होंने आर.जे.डी. की ओर से विधायक का चुनाव लड़ा पूर्णिया से, लेकिन इस बार वो चुनाव ही नहीं हारीं बल्कि तीसरे स्थान पर आयीं।**

पंजाब में, आप पार्टी के मोहिन्दर भगत की जालंधर पश्चिम सीट से निर्णायक जीत हुई है, उन्होंने यह चुनाव 23,000 से अधिक वोटों के अन्तर से जीता है। इस बीच पश्चिम बंगाल में, टी.एम.सी. ने चारों सीटों पर लड़े गए चुनावों में अपनी जीत दर्ज करके पार्टी की धाक को बरकरार रखा है।

तमिलनाडु में द्रमुक के अनीपुर शिवा ने विधानसभा की विक्रावंडी सीट लगभग 60,000 वोटों के विशाल अन्तर से जीती है। उत्तराखण्ड में दोनों सीटों पर कांग्रेस ने अपनी जीत दर्ज की है, जबकि मध्यप्रदेश में अमरवाड़ सीट पर भाजपा के कमलेश प्रताप शाही विजयी हुए हैं और उन्होंने कांग्रेसी उम्मीदवार धीरन शाह इनावती को 3252 मतों के अन्तर से हराया है। इसे प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ युग के अंत रूप में देखा जा रहा है।

निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह ने बिहार में पूर्णिया की रूपौली विधानसभा सीट उपचुनाव में जीत ली है और जे.डी.ए. के कलाधर प्रसाद मण्डल को 8246 मतों के अन्तर से पराजित किया है। आर.जे.डी. की प्रत्याशी इस उपचुनाव में तीसरे स्थान पर रही हैं क्योंकि उन्हें 30,619 मत प्राप्त हुए हैं।

वर्तमान विधायक बीमा भारती के इस्तीफा देने की वजह से उप-चुनाव कराए गए थे, जो जे.डी.(यू.) की सीट से अनेक बार चुनाव जीत चुकी थीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संविधान हत्या दिवस पर, प्रियंका ने सरकार को घेरा

नयी दिल्ली, 13 जुलाई। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 1975 में आपातकाल लगाने की तिथि, 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के सरकार के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि,

- **कांग्रेस महासचिव प्रियंका ने आश्चर्य जताया कि जिन्होंने संविधान का सम्मान नहीं किया वो संविधान खत्म करना चाहते हैं, वे संविधान हत्या दिवस मना रहे हैं।**

जिन्होंने बार-बार संविधान पर प्रहार किया है वे नकारात्मक सोच के साथ संविधान हत्या दिवस मना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिन्होंने कभी संविधान को नहीं माना, संविधान लागू करने का विरोध किया, इसका कभी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'चीन के "एसैट्स" को नैशनलाइज़ करने के बारे में गंभीरता से विचार कर रहे हैं यूरोपीय देश

## ये एसैट्स हैं, चीन द्वारा बैल्ट एण्ड रोड प्रोजैक्ट्स के तहत बनाए गए रेल मार्ग, बंदरगाह और हाईवे आदि

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। चीन को लेकर पश्चिमी देशों का संदेह इस हद तक पहुंच चुका है कि यूरोपीयन यूनियन यूरोप में एक बड़े संघर्ष के पूर्वानुमान के साथ अपने यहाँ स्थित चीन की इन्फ्रास्ट्रक्चर सम्पत्तियों के राष्ट्रीयकरण की संभावनाओं के बारे में सोच रही है।

पश्चिमी देशों के रक्षा संगठन "नाटो" की इस सप्ताह वॉशिंगटन में हुई एक मीटिंग में चीन को यूक्रेन में युद्ध छेड़ने के लिए रूस का सबसे बड़ा हमदर्द बताया गया। नॉर्थ एटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइज़ेशन "नाटो" में आने वाले पश्चिमी देश यूक्रेन और आसपास के देशों में रूस के युद्ध अभियानों के आगे स्वयं को लगातार कमजोर महसूस कर रहे हैं।

चीन को लेकर यूरोपीयन यूनियन के रूख में बदलाव आया है। वह उत्साह के बाद पूर्ण संदेह में बदल गया है, जो भारतीय कूटनीति के लिए भी एक सबक है। रूस के साथ कैसा भी निकट संबंध अब पश्चिमी देशों के लिए संदेह का कारण है।

यूरोप में चीन के कई इन्फ्रास्ट्रक्चर और सम्पत्तियां हैं, जैसे कि रेलवे कनैक्शन्स, पोर्ट सुविधाएँ हाईवेज़ और बैल्ट एण्ड रोड इनिविएटिव के अन्तर्गत विकसित कई अन्य प्रोजैक्ट्स। नवीनतम रिपोर्ट्स के मुताबिक यूरोपीय देश अपने वहां मौजूद चीन की सम्पत्तियों का राष्ट्रीयकरण करने के बारे में सो रहे हैं और वे ऐसा करने के बाद ही अन्तर्राष्ट्रीय अदालतों में चीन की शिकायतों से निबटेंगे।

- **अब चीन के खिलाफ उन्माद जैसी स्थिति है यूरोप में, कि इन इन्फ्रास्ट्रक्चरल प्रोजैक्ट्स को शत्रु सम्पत्ति की संज्ञा दी जा रही है।**
- **चीन को रूस का स्थायी मित्र माना जा रहा है और चीन के ये प्रोजैक्ट्स, जो सालों में धीरे-धीरे बने हैं, को नैशनलाइज़ करके यूरोपीय देश एक युद्ध जैसी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं, जिसके अंतर्गत शत्रु ही नहीं, शत्रु की मदद करने वाले मित्र राष्ट्र को भी शत्रु ही मान लिया जाता है।**
- **यूरोपीय देशों के मन में भय व्याप्त है कि रूस चीन की मदद से केवल यूक्रेन पर विजय पाकर संतुष्ट नहीं होगा तथा पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ेगा और तब यूरोप के अन्य देश सुरक्षित नहीं रहेंगे तथा उन पर भी आक्रमण हो सकता है।**

यूरोपीय देशों में चीन में इन्फ्रास्ट्रक्चर और सम्पत्तियों के निर्माण में बरसों लगे हैं। इसकी शुरुआत तब हुई जब वैश्विक आर्थिक मंदी और उसके बाद उपजे गतिरोध के बाद यूरोपीय देशों को ऐसा लगने लगा कि बड़ी आधारभूत परियोजनाओं के लिए चीन की फायनैंशियल क्रेडिट लाइन्स अधिक सस्ती और सुविधाजनक हैं, लेकिन रूस के साथ चीन की सम्बद्धता के बाद यूरोप में मौजूद चीन के प्रोजैक्ट्स को एक ऐसी अर्जित ताकत और संचालित सम्पत्तियों के रूप में देखा जा रहा है जो सुरक्षा को लेकर गंभीर चुनौती प्रस्तुत कर रही हैं।

इस बीच, रूस पश्चिमी देशों में मौजूद अपने गुप्त स्त्रोतों का पूर्ण उपयोग कर यूक्रेन को इन देशों की मदद ना मिलना सुनिश्चित कर रहा है। यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देश युद्ध में घिरे यूक्रेन को अपना समर्थन पहले ही व्यक्त कर चुके हैं।

पश्चिमी यूरोप के देश रूस को लेकर भयभीत हैं और यूक्रेन में मिलने वाली रूस की किसी भी सफलता को उसके पश्चिमी यूरोप के दरवाजे पर आ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नेपाल में के.पी. शर्मा ओली नए प्रधानमंत्री

काठमांडू, 13 जुलाई। नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली ने देश में नयी सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत किया है और उन्हें रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी जाएगी।

निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को नेपाल की संसद का विश्वास मत खो दिया।

- **रविवार को ओली को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी।**

उसके बाद ओली ने नयी गठबंधन सरकार बनाने की अपनी दावेदारी पेश की है। नेपाल के समाचार माध्यमों की रिपोर्ट के अनुसार ओली को रविवार सुबह प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी जाएगी। काठमांडू से प्रकाशित अंग्रेजी अखबार 'माई रिपब्लिका' की आज की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल कल आधिकारिक तौर पर ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त करेंगे।

## विचार बिन्दु

उधार वह मेहमान है जो एक बार आने के बाद जाने का नाम नहीं लेता। –प्रेमचंद

# व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये वनानुभव

चीन भारत के महर्षि–वैज्ञानिक पुनर्वसु आत्रेय को चिकित्सा व स्वास्थ्य–रक्षण के एक ऐसे सिद्धांत का जनक माना जाता है जिसे आज वनानुभव और प्रकृति–अनुभव (फ़ॉरेस्ट –एक्सपीरियंस, नेचर–एक्सपीरियंस) आदि नामों से जाना जाता है। स्वास्थ्य–रक्षण और रोगोपचार में प्राकृतिक स्थलों की भूमिका का आयुर्वेद में कम से कम 1000 साल ईसा पूर्व से वर्णन प्राप्त होता है। हाल ही में हुई शोध अब यह निर्विवाद सिद्ध करती है कि प्रकृति का सानिध्य हमारे संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक और बायोफिज़ियोलॉजिकल स्वास्थ्य में सुधार करता है। परन्तु सबसे बड़ी बात यह है कि वर्ष 2022 तक की शोध अब यह निर्विवाद सिद्ध कर चुकी है कि वनानुभव से ह्यूमन नेचुरल किलर सेल्स की क्रियात्मकता बढ़ने और इन्फ्लेमेशन कम होने सहित अनेक रास्तों के माध्यम से इम्म्यूनिटी बढ़ती है।

लगभग 5000 वर्ष पूर्व की बात है। आत्रेय के शिष्य अग्निवेश ने अपने गुरु से एक प्रश्न किया:–भगवन! देखने में आता है कि हितकारी आहार का उपयोग करते हुये भी कुछ लोग रोगी हो जाते हैं, जबकि अहितकारी आहार लेते हुये भी कुछ लोग निरोगी देखे जाते हैं। ऐसी स्थिति में क्या अच्छा है और क्या बुरा, इसकी पहचान कैसे की जाये? इस प्रश्न का जो उत्तर आत्रेय ने दिया, वह आज भी यथावत विज्ञान–संगत है।

आत्रेय का उत्तर था:–अग्निवेश! हितकारी आहार करने वाले लोगों में आहार के कारण होने वाले रोग उत्पन्न नहीं होते और हितकारी आहार लेने मात्र से समस्त रोगों का भय दूर नहीं हो जाता। हानिकारक भोजन के अलावा भी रोगों के तमाम कारण, जैसे ऋतुओं का विपरीत होना, प्रज्ञापराध या जानबूझकर गलती करना, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध का अतियोग, मिथ्या योग एवं विषम योग आदि ऐसे कारण हैं जो उचित भोजन लेने के बावजूद भी मनुष्य को बीमार कर देते हैं। इसीलिये हितकारी आहार लेने वाले रोगी हो जाते देखे जाते हैं। हानिकारक आहार का उपयोग करने वालों में पथ्य, आहार, व शरीर की स्थिति में भिन्नता होने से हानिकारक आहार तुरन्त हानि नहीं पहुंचा पाते। सभी अपथ्य बराबर दोष वाले नहीं होते, न ही सभी दोष बराबर बलवान होते, और न सभी शरीर व्याधिक्षमत्व या रोग प्रतिरोधक क्षमता से संपन्न होते (न च सर्वाणि शरीराणि व्याधिक्षमत्वे समर्थानि भवन्ति। च.सू.28.7)। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि एक ही अपथ्य आहार जगह, समय, संयोग, वीर्य, व मात्रा की भिन्नता के कारण या ज्यादा खा लेने से और अधिक अपथ्य हो जाता है। वही दोष विविध कारणों से, विरुद्ध चिकित्सा वाला, धातुओं में पहुंचा हुआ, शरीर के प्राणायतनों में उत्पन्न, मर्म पर चोट करने वाला, अत्यंत कष्टदायी अतिशय जल्दी रोगों को उत्पन्न करने वाला होता है। अंत में आत्रेय यह भी बताते हैं कि मूल रूप से शरीर की बनावट भी नैसर्गिक व्याधिक्षमत्व पर प्रभाव डालती है। बहुत मोटे या बहुत दुबले लोग, रक्त, मांस, व अस्थियों के सुसंगठित न होने के कारण बेडौल शरीर वाले लोग, दुर्बल, अल्पसत्त्व या कमजोर मनोबल वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता नहीं होती। जबकि इनके उलट लक्षणों वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता होती है। इन अपथ्य आहारों, दोषों व शरीर की भिन्नता के कारण बीमारियाँ भी कम या ज्यादा, जल्दी या देर से उत्पन्न होती हैं।

जिस व्यक्ति का सहज (इनेट) या युक्तिकृत (डेराइव्ड) व्याधिक्षमत्व मज़बूत है वह मुश्किल से ही बीमार पड़ता है। यदि बीमार पड़ भी जाये तो बीमारी अपना बल मुश्किल से ही दिखा पाती है। व्याधिक्षमत्व में दो शब्द निहित हैं, व्याधि एवं क्षमत्व। व्याधि का तात्पर्य शरीर की धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, शुक्र) में विषमता उत्पन्न होना है। क्षमत्व से तात्पर्य इस विषमता को न होने देने की क्षमता है। मानसिक बीमारियों के सन्दर्भ में सत्त्व गुण जितना अधिक होगा, व्याधिक्षमत्व उतना ही बेहतर होगा। शरीर में सहज व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है कि शरीर में दुरुस्त मांसपेशियों, संरचना, स्वरुप व मज़बूत इन्द्रियों वाला व्यक्ति रोगों के बल से कभी प्रभावित नहीं होता। भूख, प्यास, ठंडी, गर्मी, व्यायाम को ठीक से सहन करने वाला, सम अग्नि वाला, बुढ़ापे की उम्र में ही बूढ़ा होने वाला, मांसपेशियों के सही चय वाला व्यक्ति ही स्वस्थ है (च.सू.21.18): सममांसप्रमाणस्तु समसंहननो नरः। दृढेन्द्रियो विकाराणां न बलेनाभिभूयते।। क्षुत्पिपासातपसहः शीतव्यायामसंसहः। समपक्ता समजरः सममांसचयो मतः।।

आधुनिक वैज्ञानिक संदर्भ में व्याधिक्षमत्व को इम्म्यूनिटी कहा जाता है। यह प्रतिरक्षा तंत्र संक्रमण, बीमारी या अन्य अवांछित तत्वों के आक्रमण से बचने के लिये शरीर को सुरक्षा प्रदान करता है। व्याधिक्षमत्व में कमी होने से शरीर इम्म्यूनो–कॉम्प्रोमाइज्ड स्थिति में आ जाता है। ऐसी स्थिति में शरीर की रोग–प्रतिरोधक क्षमता कम होने से रोगजनन आसानी से होता है। इम्म्यूनिटी किसी व्यक्ति के शरीर में विशिष्ट एन्टीबॉडी या श्वेतरक्त कौशिकाओं की क्रिया से किसी विशेष संक्रमण, विषाक्त पदार्थ या हानिकारी जीवन–शैली से होने वाले रोगों का प्रतिरोध करने की क्षमता के रूप में समझा जाता है।

**व्यक्ति की मूल प्रकृति का बल से सीधा सम्बन्ध होता है। सबसे उत्तम सम प्रकृति (वात-पित्त-कफज) है, परन्तु किसी जनसंख्या में समप्रकृति वाले बहुत कम होते हैं। अतः व्यवहार में कफ प्रकृति वालों को बेहतर बल वाला माना जाता है। इसके साथ ही सार भी बल को प्रभावित करता है। सारयुक्त से तात्पर्य यह है कि व्यक्ति में साररूप धातुओं का नियमित निर्माण होता है। सार धातुओं के सम्यक प्रकार से उत्पन्न होते रहने पर शरीर में व्याधिक्षमत्व बढ़िया बना रहता है।**

आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार इम्म्यूनिटी मूलतः दो प्रकार से समझी जा सकती है:– इनेट (जन्मजात) और एडाप्टिव (अनुकूलनीय)। इनेट–इम्म्यूनिटी प्रतिरक्षा की पहली पंक्ति है जो पैथोजेन को मारने वाली कोशिकाओं जैसे–न्यूट्रोफिल और मैक्रोफेज द्वारा संपादित की जाती है। किसी विषाणु का संक्रमण होने पर ये किलर–सेल्स तेज गति से सबसे पहले अपना काम करती हैं। एडाप्टिव– इम्म्यूनिटी की क्रियात्मकता तुलनात्मक रूप से धीमी होती है। इस तंत्र में टी–कोशिकाओं, बी–कोशिकाओं और एंटीबॉडी जैसी व्यवस्था है जो विशिष्ट रोगजनकों पर प्रतिक्रिया देता है। यह तंत्र इम्म्यून–मेमोरी के लिये भी उत्तरदायी है जो मानव में पहले हुई कुछ बीमारियों को पहचानता है और दुबारा नहीं होने देता। मेमोरी बी–सेल नामक कोशिकायें पैथोजेन को पहचानती हैं, और दुबारा संक्रमण होने पर त्वरित–प्रतिक्रिया करते हुये संक्रमण को निष्फल करने का काम करती हैं। हालाँकि नवीन शोध यह बताती है नेचुरल–किलर कोशिकायें भी एडाप्टिव–इम्म्यूनिटी प्रतिक्रिया का प्रदर्शन कर सकती हैं। जो भी हो, गड़बड़ तब होती है जब कुछ वायरस या माइक्रोब्स अपने पूर्व रूप से म्यूटेट या उत्परिवर्तित होकर इम्म्यून–मेमोरी (प्रतिरक्षा स्मृति) को गच्चा दे देते हैं।

व्याधिक्षमत्व को परिभाषित करते हुये चरकसंहिता के दिग्गज टीकाकार आचार्य चक्रपाणि ने लगभग 900 साल पहले लिखा (च.सू. 28.7 पर चक्रपाणि): व्याधिक्षमत्वं व्याधिबलविरोधित्वं व्याध्युत्पादप्रतिबन्धकत्वमिति यावत्। तात्पर्य यह है कि व्याधिबल की विरोधिता व व्याधि की उत्पत्ति में प्रतिबंधक होना व्याधिक्षमत्वहै। अभिप्राय यह है कि शरीर में उत्पन्न बीमारी के बल या तीक्ष्णता को रोकने और बीमारी की उत्पत्ति को रोकने वाली क्षमता को व्याधिक्षमत्व कहा जाता है।

व्याधिक्षमत्व को बल, ओज और प्राकृत श्लेष्मा के रूप में भी जाना जाता है। बल वह शक्ति है जिसके द्वारा शरीर विभिन्न चेष्टाओं से कार्य संपन्न करता है। इस कार्योत्पादक शक्ति को व्यायाम–शक्ति से जाना देखा जाता है। बल के तीन प्रकार हैं (च.सू.11.36): त्रिविधं बलमिति– सहजं, कालजं, युक्तिकृतं च। सहजं यच्छरीरसत्त्वयोः प्राकृतं, कालकृतमृतुविभागजं वयःकृतं च, युक्तिकृतं पुनस्तद्यदाहारचेष्टायोगजम्। बल तीन प्रकार के होते हैं। सहज बल शरीर और मन पर आधारित होता है। उम्र के साथ शरीर की वृद्धि से प्राप्त बल को कालज बल कहा जाता है। खान–पान, जीवन–शैली और व्यायाम आदि की युक्ति से प्राप्त बल को युक्तिकृत बल कहा जाता है। रोग से रक्षा करने वाले को बल कहा जाता है। व्याधिक्षमत्व को ओज और ओज को बल के रूप में भी समझा जाता है (सु.सू.15.19) रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां यत् परं तेजस्तत् खल्वोजस्तदेव बलमित्युच्यते स्वशास्त्रसिद्धान्तात्। रसादिक तथा शुक्रान्त धातुओं के उत्कृष्ट सार भाग को ओज कहते हैं तथा आयुर्वेद के अनुसार उसी का दूसरा नाम बल है। यही बल व्याधियों से शरीर की रक्षा करता है। यहाँ एक बात समझना आवश्यक है ओज और बल हालाँकि एक कहे गये हैं किन्तु ओज को कारण और बल को कार्य माना जाता है। ओज का रूप, रस और वर्ण होने से द्रव्य है जबकि बल इसका कार्य है। यहाँ व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में बल (कार्य) और कारण (ओज) को एक मान लिया जाता है। इसी सन्दर्भ में प्राकृत कफ को बल या व्याधिक्षमत्व का कारण माना जाता है (च.सू.17.117): प्राकृतस्तु बलं श्लेष्मा विकृतो मल उच्यते। स चैवौजः स्मृतः काये स च पाप्मोपदिश्यते।। यही कारण है कि कफज प्रकृति में उत्तम बल, पित्तज प्रकृति के व्यक्तियों में मध्यम बल तथा वातज प्रकृति के व्यक्तियों में अवर बल होता है।

इस प्रकार व्याधिक्षमत्व का तात्पर्य व्याधि–बल का विरोध शरीरगत बल द्वारा किया जाता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले विभिन्न भावों को दशविधि रोगी परीक्षा के भावों में भी देखा जाता है। उदाहरण के लिये व्यक्ति की मूल प्रकृति का बल से सीधा सम्बन्ध होता है। सबसे उत्तम सम प्रकृति (वात–पित्त–कफज) है, परन्तु किसी जनसंख्या में समप्रकृति वाले बहुत कम होते हैं। अतः व्यवहार में कफ प्रकृति वालों को बेहतर बल वाला माना जाता है। इसके साथ ही सार भी बल को प्रभावित करता है। सारयुक्त से तात्पर्य यह है कि व्यक्ति में साररूप धातुओं का नियमित निर्माण होता है। सार धातुओं के सम्यक प्रकार से उत्पन्न होते रहने पर शरीर में व्याधिक्षमत्व बढ़िया बना रहता है। जैसा कि पूर्व में चर्चा की गयी है, बल का मुख्य कारक ओज है जो सभी धातुओं का सार है। साररूप में यह सभी धातुओं में व्याप्त होकर धातुओं की रक्षा करता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले अन्य भावों में सात्म्य, सत्त्व, अग्नि, शारीरिक–शक्ति व वय हैं। अग्निबल को आहार करने की क्षमता से परखा जा सकता है। आहार–शक्ति (आहार की मात्रा) अग्निबल पर आश्रित है। यदि व्यक्ति की आहार शक्ति मज़बूत है तो भोजन का पाचन और धातुओं की पुष्टि यथोचित होने से शरीर मज़बूत रहता है। व्यायाम–शक्ति या शारीरिक रूप से श्रम करने की शक्ति भी बल का संकेतक है। व्यक्ति की वय या उम्र का भी बल से संबंध होता है। युवावस्था में उत्तम बल और जरा या बुढ़ापा आने पर बल कम रहता है।

व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये बल व ओज की वृद्धि में सहायक द्रव्यों और क्रियाओं का इस प्रकार युक्तिपूर्वक नियमित सेवन करना चाहिये, जिससे व्याधिक्षमत्व का संरक्षण व वृद्धि हो किन्तु प्रकृति, अग्नि, धातुओं व मलक्रिया का समत्व तथा आत्मा, इन्द्रियों व मन की प्रसन्नता यथावत बनी रहे। संक्षेप में व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लियेसात रक्षा–दीवारों की निरंतर और सम्यक सार–सम्हाल करना आवश्यक है। इनमें आहार या खानपान, विहार या जीवनशैली, स्वस्थवृत्त या व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषयक क्रियायें, सद्वृत्त या व्यक्तिगत सदाचरण, पंचकर्म या शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें, रसायन या उम्र–आधारित रोगजनन को रोकने हेतु कायाकल्प उपाय, और अंततः औषधि या चिकित्सा शामिल हैं। परन्तु वनानुभव इन सबसे ऊपर है। एक साथ वनवास काटने की बात नहीं है बल्कि प्रतिदिन थोड़ा वनानुभव अवश्य लीजिये। प्रति सप्ताह कम से कम 168 मिनट वनों, उपवनों और हरियाली में बिताइये। इससे इम्म्यूनिटी बढ़ने के साथ प्रसन्नता, आत्म–सम्मान, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में धनात्मक सुधार होगा। यह शास्त्र–सिद्ध, शोध–सिद्ध और स्वानुभूत है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# ख्वाजा साहब की महाना छठी पर देशभर से अकीदतमंद उमड़े

## ख्वाजा गरीब नवाज की महाना छठी पर देश में अमन-चैन, शांति व भाईचारा की दुआ मांगी

- **ख्वाजा साहब की दरगाह में देशभर के जायरीनों की भीड़ उमड़ रही है**
- **मोहर्रम पर सद्दो का जुलूस व मेहंदी की रस्म आज निभाई जायेगी**

**अजमेर,** (कासं)। मोहर्रम यानी (मिनी उर्स) पर दरगाह परिसर में परंपरा के अनुरूप धार्मिक रस्में अदा की जा रही है। ख्वाजा साहब की दरगाह में देशभर के जायरीनों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को ख्वाजा गरीब नवाज की महाना छठी शिद्दत और धार्मिक परंपरागत तरीके से मनाई गई। देश में अमन चैन, शांति व भाईचारा की दुआ मांगी गई। इस दौरान दरगाह परिसर अकीदतमंदों से खचाखच भरा रहा। मोहर्रम की सात तारीख रविवार को दरगाह परिसर में रखे ताजिए पर मेहंदी की रस्म अदा की जाएगी, सद्दों का जुलूस निकलेगा।

सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह परिसर स्थित आहता–ए–नूर में शनिवार सुबह 9 बजे महाना छठी मनाई गई। ख्वाजा साहब की महाना छठी की फातेहा का आयोजन हुआ। दरगाह कमेटी के मौलाना ने ख्वाजा साहब की जीवनी और उनकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी दी।

खुद्दाम–ए–ख्वाजा की ओर से गरीब नवाज की शान में नात व मनकबत पेश किए गए। साथ ही ख्वाजा साहब की जीवनी तथा शिक्षाओं पर बयान देकर मुल्क में अमन चौन, शांति, खुशहाली, भाईचारे एवं तरक्की के लिए दुआ की गई। दरगाह में मौजूद अकीदतमंदों व जायरीनों में तबर्रुक तकसीम किया गया। छठी शरीफ और



मोहर्रम और ख्वाजा साहब की महाना छठी पर दरगाह परिसर व बाहर अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी।

मोहर्रम के चलते दरगाह परिसर पूरी तरह जायरीन से खचाखच भरा हुआ था। इस अवसर पर दरगाह कमेटी द्वारा जायरीन के लिए लंगर का आयोजन किया गया।

मोहर्रम की सात तारीख रविवार को दरगाह स्थित लंगरखाने से सद्दो का जुलूस निकाला जाएगा। महफिलखाने पर चांदी का ताजिया आम जायरीन की जियारत के लिए रखा जाएगा तथा अस्र की नमाज के बाद मेहंदी की रस्म अदा की जाएगी। इमाम बारगाह लंगर खाना से सात मोहर्रम को जुलूस प्रारंभ होगा। मोहल्ला सिपाहीयान में ताजिया रखा जाएगा। मर्सियाख्वानी और बयान शहादत का सिलसिला योमे आशूरा तक चलेगा। योमे आशूरा पर चांदी का ताजिया और डोला रूपी ताजिए की सवारी निकाली जाएगी। सवारी लंगर खाना इमाम बारगाह से प्रारंभ होकर दरगाह बाजार, अंदरकोट होते हुए बड़बाव पहुंचेगी, सलातो सलाम पढ़ने के बाद ताजिए को सैराब किया जाएगा।

बदरुद्दीन कुरैशी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम की 7 तारीख पर हजरत कासिम अलैहिस्सलाम की याद में पेश की जाने वाली मेहंदी की रस्म अदा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि नागफनी दरगाह संपर्क सड़क से कुरैशी समाज के परिवार और ताराशाह नगर हुसैनी मोहल्ला विकास समिति की ओर मेहंदी पेश की जाती है। कुरैशी ने बताया कि अंदर कोट, त्रिपोलिया गेट, दरगाह बाजार, निजाम गेट होते हुए दरगाह शरीफ मकबरे पर बड़े ताजिया पर मेहंदी पेश कर रस्म अदा की जाएगी। रस्म में सर्वधर्म कौमी एकता समिति के पदाधिकारी भी सम्मिलित होंगे। मेहंदी से पूर्व दरगाह संपर्क सड़क पर सर्वधर्म प्रतिनिधियों द्वारा पौधरोपण किया जाएगा।

# जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज को पार्थिव देह दान की

- **अजमेर के कोटड़ा निवासी प्रेमनाथ टंडन का शनिवार को निधन हो गया था**
- **टंडन की अंतिम इच्छा के अनुसार परिजनों ने उनकी पार्थिव देह जवाहरलाल नेहरु मडिकल कॉलेज को सौंपी**

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के कोटड़ा निवासी प्रेमनाथ टंडन का शनिवार को निधन होने के बाद उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार परिजनों ने उनकी पार्थिव देह को जेएलएन मेडिकल कॉलेज को दान किया। टंडन ने अपने जीवनकाल में देहदान का संकल्प लिया था।

टंडन के परिजन ने बताया कि प्रेमनाथ टंडन (67) का शनिवार को देहांत होने के बाद पार्थिव देह लेकर जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की मौजूदगी में देहदान किया गया। टंडन के परिजन ने कहा कि देहदान करने की प्रेमनाथ की अंतिम इच्छा थी, जिसे परिजन ने आज पूरा किया है। प्रेमनाथ टंडन के मित्र ने बताया कि क्रिश्चियन गंज टेलर का कार्य करते थे।

मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने देहदान को एक सराहनीय कदम बताया, जो मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मेडिकल छात्रों के लिए मानव शरीर की संरचना और कार्यप्रणाली को समझने के लिए वास्तविक शारीरिक संरचनाओं पर अध्ययन करना आवश्यक होता है। इस प्रकार की शैक्षिक सामग्री का आभाव होने पर छात्रों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। देहदान से न केवल छात्रों को बेहतर शिक्षा मिलती है, बल्कि भविष्य में बेहतर चिकित्सक बनने में भी सहायता मिलती है। कॉलेज प्रशासन ने टंडन के परिवार का आभार व्यक्त किया।

# अरावली साइकिल यात्रा अभियान दल डूंगरपुर पहुंचा, लोगों ने जवानों का हौसला बढ़ाया

- **शहरवासियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर सैनिकों का मनोबल बढ़ाया**
- **भारतीय सेना द्वारा आयोजित अरावली साइकिल यात्रा 1145 किमी की है**

**डूंगरपुर,** (निसं)। भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं पराक्रम का प्रतिक बने कारगिल युद्ध विजय की रजत जयंती के उपलक्ष में भारतीय सेना द्वारा आयोजित अरावली साइकिल यात्रा अभियान दल जब डूंगरपुर पहुंचा तो शहरवासियों ने जगह–जगह पर पुष्प वर्षा कर सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। वहीं, जवानों का हौसला देखकर शहरवासियों में एक नये उत्साह का संचार हुआ। नसीराबाद से प्रारंभ साइकिल रैली जब डूंगरपुर के मोतली मोड़ पहुंची तो नगर सभापति अमृत कलासुआ, उपसभापति सुदर्शन जैन, कार्यवाहक आयुक्त कुलदीप सिंह, हरीश पाटीदार, डॉ. अरविन्द शर्मा, हरदील अजीज, इमरान आदि ने जवानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की।



अरावली साइकिल यात्रा अभियान दल का डूंगरपुर में शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

सैनिक दल के साइकिल यात्रा के साथ मोतली मोड़ से डूंगरपुर पहुंचने पर ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रमुख संचालिका पद्मा दीदी एवं विजयलक्ष्मी दीदी के सानिध्य में सैकड़ों गणमान्य लोगों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ भारत माता के जयकारों के साथ सेना के जवानों में एक नया उल्लास भर दिया। कर्नल डॉ. केसी शर्मा के नेतृत्व में शहर के पूर्व सैनिक किशोर जोशी, ललित मोहन, भोगीलाल परमार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अपने सैन्य साथियों से भेंट कर अपने शहर एवं जिले की जानकारी दी। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी आश्रम परिसर में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुये अग्निबाज दल का नेतृत्व कर रहे युवा अधिकारी ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के साहसिक एवं विरता से परिपूर्ण प्रदर्शन की जानकारी दी एवं ऑपरेशन विजय के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान कर चुके अमर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही जिले के अमर शहीद कालिया की पत्नी वीरनारी कालीबाई का उपरणा और बुके भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उपनिदेशक सूचना एवं प्रसार विभाग छाया चौबीसा, राजू भाई पंचाल, विनय चौबीसा, प्रवीण श्रीमाल, राजेश जैन, रमेश वरियानी, विनोद पंचाल, हरीप्रसाद शर्मा, भूपेश जोशी, सतीश अग्रवाल, चंदन राव, शारदा मालपाणी, शीतल भट्ट, शिला श्रीमाल, चन्द्रिका पटेल, रमा शाह, अंशुमाला पंचाल, सुभद्रा पण्डया, दक्षा कलाल, प्रतिमा शर्मा, हेमा चौबीसा, गुरमीत कौर सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण स्वागत किया। वहीं बहनों ने कलाई पर रक्षा सुत्र बांधे।

समारोह में शहर के दिल की आवाज ग्रुप द्वारा दी गई प्रस्तुतियों में गायिका नीता जोशी ने जैसे ही ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लों गीत प्रारंभ किया तो शहीदों की याद में उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई। वहीं गिरीश जोशी, बद्री सुथार ने जलवा तेरा जलवा...गीत गाकर देशभक्ति का समा बांधा जिस पर जवान और उपस्थित लोग थिरकने पर मजबूर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान गुरूकुल विद्यालय की बालिकाओं ने शहीद केप्टन विक्रम बत्रा को समर्पित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, वहीं नवनीत पंड्या, कीमी सोमपुरा आदि ने जवानों के स्वागत में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये।

**गुजरात के लिये रवाना हुआ साइकिल अभियान दलः**–9 जुलाई को नसीराबाद छावनी से रवाना हुआ अपने चौथे दिन अग्निबाज साइकिल दल जिले में पड़ाव के बाद अपनी 1145 किमी की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए शनिवार प्रातः 6 बजे रवाना हुआ। इस अवसर पर कर्नल डॉ. के सी शर्मा, विजयलक्ष्मी दीदी, पदमा दीदी, हेमेन्द्र, अरविन्द शर्मा ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और साथ ही शुभकाममनाएं भी दी।

## राशिफल रविवार 14 जुलाई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, अष्टमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र रात्रि 10:06 तक, शिव योग प्रातः 6:15 तक, बव करण सायं 5:26 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 8:43 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–वृष, बुध–कर्क, गुरू–वृष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 10:06 से आरम्भ होगा। आज दुर्गाष्टमी, परशुरामष्टमी, खरसी पूजा है। आज से अष्टानिक महापर्व आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:27 से 9:09 तक, लाभ–अमृत 9:09 से 12:32 तक, शुभ 2:14 से 3:56 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:46, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहोल रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृष**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय दूर होगा।

**मिथुन**
धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये–पुराने मित्रों से मुलाकात होगी और मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जा सकते हैं।

**कन्या**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा।

**धनु**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर–परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मकर**
अपने आवश्यक और कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
घर–परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

UEM श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs

# UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT

## IEM - UEM Group | Jaipur and Kolkata

**IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians**

Global Ratings: PLATINUM I-GAUGE | PLATINUM I-GAUGE | DIAMOND I-GAUGE | DIAMOND I-GAUGE | DIAMOND I-GAUGE
Times Higher Education Impact Rankings 2024 | GU GLOBAL UNIVERSITY RANKINGS | nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK | SHALBY ACADEMY (A Unit of SHALBY LIMITED) | AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION MEMBER | UGC (University under Section 2(f) of the UGC Act) | AICTE APPROVED | NAAC ACCREDITED | AIU MEMBER

## UEM Jaipur is Ranked in The Top Position in North India under Institutions Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India

INDUSTRY ASSOCIATED DUAL DEGREE PROGRAM

**Admissions Open - 2024-25**

APPLY ONLINE: www.uem.edu.in

CSE DATA SCIENCE - SAS | CSE CLOUD COMPUTING & VISUALIZATION - IBM | BBA DIGITAL BUSINESS - IIDE

"Students may opt for Dual Degree Programs - for example, a student may select Civil Engineering as major degree with CSE as minor degree or vice-versa"

## B.TECH

- CSE - ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING (AIML)
- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING WITH SPECIALIZATION
- Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
- Block Chain Technology
- Big Data Analytics | Cloud Computing
- Cyber Forensic & Internet Security
- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING (ECE)
- Robotics & Artificial Intelligence
- VLSI Design & Technology
- Minor in Compute Science
- ELECTRICAL ENGINEERING (EE)
- Electrical & Computer Engineering
- Electrical & Electronics Engineering
- MECHANICAL ENGINEERING (ME)
- Automobile Engineering
- CIVIL ENGINEERING (CE)
- Sustainable Construction Engineering

## M.TECH

WITH SPECIALIZATION

- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING
- Big Data Analytics
- Cloud Computing
- Data Science
- Information Security
- ELECTRICAL ENGINEERING (EE)
- Power System Engineering
- Power Electronics & Drives
- Control System Engineering
- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING (ECE)
- Communication Engineering
- Micro-Electronics & VLSI
- Radio Frequency & Microwave Engineering
- MECHANICAL ENGINEERING (ME)
- Production Engineering
- Thermal Engineering
- CIVIL ENGINEERING (CE)
- Structural Engineering

## BBA/MBA

- BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
- MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION
- MBA with Dual Specialization
- Marketing • Finance • Human Resource
- Business Analytics

## MBA Hospital & Healthcare Management

## MBA Executive

## BPT/MPT

- BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY
- MASTER OF PHYSIOTHERAPY
- Cardiopulmonary | Neurology
- Pediatrics | Orthopaedics
- Musculoskeletal
- Sports

## POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA

## BCA/MCA

- BACHELOR OF COMPUTER APPLICATION
- Data Science • Cloud Computing
- Big Data Analytics
- Block Chain Technology
- Cyber Forensic & Information Technology
- Artificial Intelligence & Machine Learning
- MASTER OF COMPUTER APPLICATION

## M.Sc. in Computer Science

## Ph.D

Last Date to apply: 15th July,2024
Entrance Test on : 22nd July,2024

- Computer Science & Engineering
- Electrical Engineering • Civil Engineering
- Mechanical Engineering • Management
- Electronics & Communication Engineering
- Physics • Chemistry • Mathematics
- Humanities • English

ZEE राजस्थान — Awarded for — Zee Rajasthan Awards in Education Excellence 2024

NEWS 18 राजस्थान — Awarded for — Outstanding Placement in Engineering & Management - Domestic & International

1st इंडिया NEWS — Awarded for — Excellent Placements in Engineering and Management - Domestic & International

INDIA न्यूज़ — Awarded for — Most Trusted University with Skill Based Quality in Education and Best Placements in Rajasthan

Outlook ICARE TOP COLLEGES OF INDIA Rankings 2023 — Ranked #45 — amongst TOP Private University in all over India

INDIA TODAY BEST COLLEGE RANKING SURVEY 2023 — Ranked #19 — for BCA - All India Private & Government Colleges

**MORE THAN 300+ Patents**

**500+ RESEARCH PAPERS**

**₹ 5 CRORES+** WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS

**₹ 72 LPA** HIGHEST ANNUAL SALARY OFFERED

UEM JAIPUR has Highest Funded Patents in Rajasthan from Govt. of India

One of the Best PLACEMENT RECORDS of the Country
Placements at UEM Jaipur Continues till the last willing student is placed

NUMBER OF Students Placed **2375**

NUMBER OF JOB OFFERS **3564+**

COMPANIES VISITED **600+**




5 LABORATORIES ESTABLISHED BY INDUSTRY

**Academic Partners:** tcs TATA CONSULTANCY SERVICES | IBM | sas | IIDE THE DIGITAL SCHOOL | CAMBRIDGE

**FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS:** UNLV | 岩手県立大学 | GIIM | Brunel University London | RICHARD A. CHAIFETZ SCHOOL OF BUSINESS SAINT LOUIS UNIVERSITY | RENNES SCHOOL OF BUSINESS

**MORE THAN 8000+ CERTIFICATION:** HARVARD BUSINESS SCHOOL | edX | LinkedIn Learning | CAMBRIDGE | coursera Education for Everyone

**STUDY ABROAD PROGRAM**
USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE

One of the Leading University for 6G Projects, Government of India

PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2024 EXAM TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS

यू.ई.एम. जयपुर द्वारा राजस्थान की छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना

Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, Sikar Road, 6 Kms. from Chomu, Jaipur - 303807 (Raj.)
City Office: 210-212, IInd Floor, Apex Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur | M: 9887933330

9887313330, 9887806930
9887413330, 9887613330

# पाटन के ग्राम स्यालोदड़ा स्थित वन विभाग के पहाड़ में हो रहा अवैध खनन

## पहाड़ के आसपास लगभग 65 क्रेशर प्लांट लगे हुए हैं, इन सभी क्रेशर प्लांटों पर फर्जी रवन्नाओं से कीमती पत्थर क्वार्ट्जाईट ले जाया जा रहा है

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना जिले के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा जो हरियाणा राज्य के महेंद्रगढ़ जिले से लगती हुई ग्राम पंचायत है, इस ग्राम पंचायत के अंतर्गत लगभग 5 किलोमीटर लंबा पहाड़ है जिसको चीड़ीमार पहाड़ के नाम से जाना जाता है, यह पहाड़ वन विभाग में आता है। इस पहाड़ में अवैध खनन हो रहा है, परंतु अवैध खनन के खिलाफ ना तो राजस्थान सरकार कोई कार्रवाई कर रही है और ना ही हरियाणा सरकार कार्रवाई कर रही है, जिसके चलते पहाड़ में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बेसकीमती मिनरल क्रेशर प्लांटों पर पहुंचाने में लगे हुए हैं तथा मोटी चांदी कूट रहे हैं।

पहाड़ के नजदीक खसरा नंबर 119/2, खसरा नंबर 32, और खसरा नंबर 35 में लगभग 30 क्रेशर प्लांट लगे हुए हैं परंतु अफसोस की बात है कि क्रेशर प्लांटों पर जाने के लिए कोई रास्ता तक नहीं है उसके बावजूद भी वाहनों का आवागमन हो रहा है। प्लांट मालिकों ने वन विभाग की जमीन जिसका खसरा नंबर 1054 जो पावर हाउस में जाने के लिए रास्ता है उसमें से रास्ता निकाला है तथा इसी रास्ते से इनके वाहनों का आवागमन होता है। दूसरा रास्ता तालाब के पास गौचर भूमि के खसरा नंबर 127 से निकाला गया है।



**नीमकाथाना की ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा के चीड़ीमार पहाड़ जो कि विभाग में आता है, इस पहाड़ में अवैध खनन हो रहा है।**

नियमानुसार खान मालिकों द्वारा निकाले गए दोनों ही रास्ते अवैध है। पहाड़ की लंबाई 5 किलोमीटर के लगभग है तथा 80 प्रतिशत पहाड़ का पश्चिमी ढलान चोटी के हिस्से से राजस्थान में गिरता है तथा पूर्व का शेष हिस्सा हरियाणा में गिरता है। खसरा नंबर 3 खसरा नंबर 60 एवं खसरा नंबर 71 राजस्थान के वन विभाग में गिरता है उसमें अधिकांश अवैध खनन स्यालोदड़ा के लोगों द्वारा किया जा रहा है तथा खसरा नंबर 72 चीड़ीमार पहाड़ की मुख्य चोटी है जो राजस्थान के वन विभाग में आता है।

- **स्यालोदड़ा पंचायत के अंतर्गत लगभग पांच किमी लंबा पहाड़ है जिसे चीड़ीमार पहाड़ के नाम से जाना जाता है, यह पहाड़ वन विभाग में आता है**

पूर्वी ढलान हरियाणा में गिर रहा है उसमें सर्वाधिक अवैध खनन हरियाणा के गांव ब्रांयल और पांचणोता के लोगों द्वारा किया जा रहा है। पहाड़ के आसपास लगभग 65 क्रेशर प्लांट लगे हुए हैं, इन सभी क्रेशर प्लांटों पर फर्जी रवन्नाओं से बेस कीमती पत्थर क्वाट्र्जाईट जा रहा है। क्रेशर प्लांट मालिकों द्वारा अवैध खनन के कारोबार में जुड़े हुए लोगों से क्वार्टजाईट पत्थर लेते हैं तथा एडजस्टमेंट करने के लिए चंद रूपयों में चेजा पत्थर के रवन्ना लेकर उस माल को एडजस्ट कर देते हैं। हरियाणा के बांयल में और नीमकाथाना के स्यालोदड़ा में लगे सभी क्रेशर प्लांट दाने बनाने के प्लांट है। जिस जगह क्रेशर प्लांट स्थापित है उसके पास ही खसरा नंबर 21 से लगती हुई एक छोटी ढाणी है, जिसमें तीन-चार मकान बने हुए हैं। यहां से रास्ता कटा हुआ है जो उत्तर दिशा से हरियाणा बॉर्डर तक जा रहा है। इस रास्ते के आधार पर ही इन प्लांटों का कन्वर्जन किया गया है, अगर इनकी जांच की जाए तो कन्वर्जन में भी गड़बड़ पाई जाएगी। क्रेशर प्लांट के नजदीकी स्यालोदड़ा ग्राम पंचायत लगती है। पूरे दिन उड़ने वाली धूल-धुआं के कारण पूर्व में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है तथा इतने ही लोग बीमार पड़े हुए हैं।

जिला कलेक्टर नीमकाथाना ने वन विभाग और खान विभाग को चीडी मार पहाड़ में हो रहे अवैध खनन को लेकर पाबंद भी किया है, कि इन प्लांटों पर आने वाले पत्थरों के रवन्ना चेक किए जाये कि उनके पास कौनसे रवन्ना का माल आ रहा है। परंतु लोगों को लगता नहीं है कि उनकी निष्पक्ष जांच हो पाएगी, क्योंकि यह बहुत बड़ा खेल है और इस खेल में खनिज विभाग और वन विभाग दोनों विभागों के शामिल होने का अंदेशा है।

नरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी पाटन का कहना है कि स्यालोदड़ा ग्राम पंचायत में वन विभाग द्वारा चौकी स्थापित कर दी गई है, राजस्थान की तरफ गिरने वाले पहाड़ में कोई अवैध खनन नंही हो रहा है जो अवैध खनन हो रहा है वह हरियाणा की तरफ हो रहा है।

# फुलेरा में जमकर बरसे बादल, चारों ओर पानी ही पानी हुआ



**नागरिक परिषद के पास के अण्डरपास में जीप फंस गई।**

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में बीती रात और शनिवार की अलसुबह जमकर बादल बरसे। इसके चलते चारों ओर पानी ही पानी हो गया साथ ही क्षेत्र के निचले भागों में पानी भर गया। इसके चलते आवागमन भी प्रभावित हुआ है।

क्षेत्र में यूं तो इस वर्ष छुटपुट वर्षा तो कई बार हो चुकी है, मगर इस वर्ष की मानसून की पहली तेज बारिश शनिवार को सुबह हुई। इससे खेत खलियान सहित आसपास के इलाकों, आम रास्तों सहित कस्बे के चारों ओर बने लगभग सभी अण्डरपास लबालब हो गए। इसी क्रम में शनिवार की बीती रात करीब 10 से 2 बजे तक तेज हवाओं के साथ रूक रूककर बारिश होती रही। मगर शनिवार को सुबह 7 बजे करीब एक घंटे तक मेघ जमकर बरसे। इसके चलते फुलेरा कस्बे सहित ग्राम पंचायत काचरोदा, पृथ्वीपुरा, जेतपुरा, खेडीराम जाने वाले सड़क मार्ग, आकोदा फुलेरा सड़क मार्ग पर बने दोनों अण्डरपास भर गए। अण्डरपास में पानी भरने से कस्बे का आसपास के गांव से संपर्क लगभग कट सा गया, जबकि क्षेत्र की न्यू कॉलोनी, वरिष्ठ नागरिक परिषद के समीप बने अण्डरपास में पानी अधिक होने के कारण एक सवारी जीप अण्डरपास में फंस गई। गनीमत यह रही कि जीप में बैठे व्यक्ति अपनी जान बचाकर बाहर निकलने में सफल हो गए। वहीं ट्रैक्टर लगाकर अण्डरपास का पानी खाली करवाया गया।

# 49 लाख की लागत से बन रहा नाला पहली बारिश में टूटा

**सुजानगढ़, (निसं)।** प्रगति नगर में 49 लाख रुपए की लागत से बन रहा नाला पहली बारिश ही नहीं झेल पाया।

- **शुक्रवार रात हुई तेज बारिश में नाले की दीवार टूटकर ध्वस्त हो गई**

शुक्रवार रात हुई तेज बारिश में नाले की दीवार टूटकर बिखर गई।

नगर परिषद द्वारा बनवाए जा रहे नाले का निर्माण फरवरी तक होना था, लेकिन कछुआ चाल से चल रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी ख्याल नहीं रखा जा रहा। जिस कारण बारिश के साथ ही नाला टूटकर ध्वस्त हो गया। इस मामले में वार्डवासियों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा नाले के निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है, इसके अलावा नगरपरिषद के अधिकारी भी निर्माणाधीन नाले की मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं। जिसका फायदा उठाते हुए ठेकेदार मनमर्जी से निर्माण कार्य कर रहा है।



**प्रगति नगर में बन रहे नाले की दीवार बारिश में टूटकर बिखर गई।**

नगर परिषद सभापति नीलोफर गौरी ने कहा कि मौके पर आयुक्त, जेईएन को भेजा जाएगा। नाले का निर्माण जब शुरू हुआ था तब मौके पर गई थी। ठेकेदार को बोल के रिपेयरिंग करवाई जायेगी।

जेईएन कमलेश पूनिया ने बताया कि नाला भारी वाहन के गुजरने व दूसरी गली में पानी एकत्रित होने से टूट गया। संबंधित ठेकेदार को नाले की रिपेयरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

# जून माह के वेतन को तरस रहे शिक्षक

**अजमेर, (कासं)।** प्रदेश के शिक्षकों को जून माह के वेतन भुगतान को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन ने मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग राजस्थान सरकार को पत्र भेजकर ट्रेजरी के पूल बजट में पर्याप्त राशि आवंटन करने की मांग की है।

शिक्षक संघ राधाकृष्णन के प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी ने बताया पत्र में बताया कि प्रदेश में समस्त कोषालयों में सुगम पूल बजट का प्रावधान किया है, अनेक कोषालय तथा उपकोषालय द्वारा बजट हैड में जून माह के वेतन बिलों पर अपर्याप्त बजट का आक्षेप लगा कर वेतन बिल लौटाए जा रहे हैं, जिससे शिक्षकों तथा कार्मिकों को जून माह का वेतन भुगतान नहीं मिल रहा है। संगठन की जानकारी में आया है कि राज्य सरकार द्वारा 31 जुलाई तक के लिए लेखा अनुदान पारित करने के बाद वित्त विभाग द्वारा सभी कोषालय को बजट जारी किया है।

- **बजट में पर्याप्त राशि आवंटित करने की मांग**

सोनी ने बताया कि बजट के अभाव में राज्य के हजारों शिक्षकों तथा कार्मिकों को दो माह जून और जुलाई का वेतन नहीं मिल सकेगा। संगठन का मानना है कि केवल व्यवस्था तथा प्रक्रिया के अभाव में राज्य के शिक्षकों तथा कार्मिकों को वेतन से वंचित रखना उचित नहीं है। संगठन ने आग्रह किया है कि राज्य की समस्त कोषालय को आवश्यकता के अनुसार वेतन तथा टीए एवं मेडिकल के लिए तुरन्त पर्याप्त बजट जारी कराया जाए। बजट के अभाव में राज्य के हजारों शिक्षक जून माह के वेतन को तरस रहे हैं।

# हैड कांस्टेबल ने परिवादी के घर जाकर रिश्वत ली

**नवलगढ़, (निसं)।** सीकर एसीबी टीम ने शनिवार को झुंझुनूं के डुमरा गांव में कार्रवाई करते हुए मुकुंदगढ़ थाने के हैड कांस्टेबल संदीप कुमार जाट को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

मुकुंदगढ़ थाने में दर्ज पुराने प्रकरण में परिवादी की मदद के एवज में आरोपी हैड कांस्टेबल संदीप कुमार जाट 28हजार रुपये की डिमांड कर लगातार परेशान कर रहा था ।परिवादी की ओर से सीकर एसीबी को इसकी शिकायत की गई। सीकर एसीबी की टीम द्वारा एसीबी इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र से मामले का सत्यापन करवाया गया । मामले के सत्यापन के बाद सीकर एसीबी की टीम ने आज जाल बिछाते हुए आरोपी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार जाट को डुमरा गांव से 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीकर एसीबी के डीएसपी रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी हेड कांस्टेबल रिश्वत की राशि लेने के लिए परिवादी के निवास पर पहुंच गया था, जहां पर एसीबी की टीम पहले से जाल बिछाये हुई थी। जैसे ही हैड कांस्टेबल ने रिश्वत की राशी ली टीम ने इशारा पाते ही आरोपी हैड कांस्टेबल संदीप कुमार जाट को गिरफ्तार कर लिया।



**हैड कांस्टेबल संदीप जाट।**

- **हैड कांस्टेबल परिवादी से 28 हजार की रिश्वत की डिमांड कर रहा था**
- **दर्ज पुराने प्रकरण में परिवादी की मदद करने की एवज में रिश्वत मांगी थी**

# सेना कमांडर, दक्षिणी कमान ने कोणार्क कोर का दौरा किया

**जैसलमेर, (निसं)।** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, सेना कमांडर, दक्षिणी कमान ने कोणार्क कोर का दौरा किया। उन्होंने गठन की सांग्रामिक तैयारियों की समीक्षा की और कोर के अधिकारियों और सैनिकों के साथ बातचीत की। सेना कमांडर को विभिन्न परिचालन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

पीआरओ आर्मी कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार जनरल ऑफिसर को परिचालन और प्रशासनिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न इकाइयों द्वारा किए गए तकनीकी समावेशन के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए किए गए उपायों का एक सिंहावलोकन दिया गया। उन्होंने उभरती चुनौतियों का सामना करने और संघर्षों की गतिशील प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कोर को भविष्य में तैयार रखने में उनके अथक प्रयासों के लिए सभी हितधारकों की सराहना की। जनरल ऑफिसर ने सभी रैंकों को उभरते खतरों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहने, पेशेवर रूप से सक्षम बने रहने और अधिकतम उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ काम करना जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

- **परिचालन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी**



**लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, सेना कमांडर, दक्षिणी कमान ने कोणार्क कोर का दौरा किया।**

# महिला ने की आत्महत्या

**निवाई, (निसं)।** गांव बाढ़ कुरावदा में शुक्रवार की देर शाम एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दत्तवास थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि महिला की आत्महत्या की सूचना पर पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचकर टोंक से एमआईयू टीम को बुलवाकर मौके से साक्ष्य जुटाए।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। उन्होंने बताया कि मृतका के पिता भोजाराम गुर्जर ने अपनी बेटी की मौत पर असंतोष जताते हुए मजिस्ट्रेट से जांच करवाने की मांग की है। थानाधिकारी ने बताया कि सैपू गुर्जर (23) पत्नी रामकिशोर गुर्जर निवासी बाढ़ कुरावदा ने शुक्रवार की देर शाम को अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शनिवार को मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उक्त प्रकरण में मृग दर्ज कर में मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी।

- **मृतका के पिता ने मजिस्ट्रेट से जांच करवाने की मांग की**

# विधि रचनाकार के पदों के लिए भर्ती परीक्षा आज

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन रविवार को दो पारियों में अजमेर व जयपुर जिला मुख्यालय पर होगी। 9 पदों के लिए 13 हजार 64 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आयोग सचिव राम निवास मेहता ने बताया कि जिला मुख्यालयों अजमेर व जयपुर पर विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 रविवार को दो पारियों में प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तथा दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगी, परीक्षा के लिए 13 हजार 64 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड रंगीन प्रिंट के उपस्थित होना होगा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं स्लीपर कोच बस में भिड़ंत, 42 यात्री बाल-बाल बचे

## हादसे में ट्रैक्टर का चालक घायल, बस में सवार आधा दर्जन यात्रियों के मामूली चोटें आई

**हलैना/भरतपुर, (निसं)।** जयपुर नेशनल हाइवे-21 पर आए दिन आवारा जानवरों के कारण सड़क हादसे हो रहे हैं और हादसे पर विराम नहीं लग रहा है। शनिवार को तड़के में आवारा जानवरों के झुण्ड के बचाव के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं स्लीपर कोच बस की भिड़ंत हो गई। जिस हादसे में ट्रैक्टर का चालक घायल हो गया और बस में सवार आधा दर्जन यात्रियों के मामूली चोटे आई, जबकि बस चालक-परिचालक सहित 42 यात्री बाल-बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार हादसे में ट्रैक्टर के कई टुकड़े हो गए और बस भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर भी टोल वसूल कम्पनी की सुरक्षा टीम, एम्बूलेंस एवं मेडिकल टीम नहीं आई, जिससे लोगों ने नाराजगी प्रकट की और जयपुर नेशनल हाइवे फोरलेन पर आवारा जानवरों की रोकथाम तथा हादसे पर समय से एम्बूलेंस, मैडिकल टीम एवं सुरक्षा टीम पहुंचने की मांग की।



**ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं स्लीपर कोच बस की भिड़ंत में ट्रैक्टर के कई टुकड़े हो गए।**

थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि जयपुर नेशनल हाइवे के कस्वा हलैना बस स्टेण्ड के पास आवारा जानवरों के कारण सडक हादसा हो गया। हादसे में भरतपुर से जयपुर की ओर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं स्लीपर कोच बस टकरा गए। सूचना प्राप्त होते ही एएसआई रामू सिंह मय जाप्ता के घटना स्थल पहुंचे और हादसे में घायल हुए ट्रैक्टर चालक डीग जिले के कस्बा कुम्हेर निवासी दान सिंह जोगी पुत्र रामा जोगी को कस्बा हलैना के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने चालक दान सिंह जोगी की उपचार के बाद छुट्टी कर दी, जबकि स्लीपर कोच बस में सवार करीब आधा दर्जन यात्री के मामूली चोटें आईं तथा बस में सवार चालक व परिचालक सहित अन्य यात्री बाल-बाल बच गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे ले लिया, लेकिन ट्रैक्टर चालक दान सिंह जोगी तथा बस के चालक अचल सिंह ने हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराने के इंकार कर दिया। हादसे में ट्रैक्टर के कई टुकड़े हो गए।

- **आवारा जानवरों के झुण्ड को बचाने के प्रयास में हादसा हुआ**

# रेल यातायात प्रभावित

**अजमेर, (कासं)।** उत्तर-पूर्व रेलवे के इज्जतनगर मंडल पर खटीमा बनबसा, शाही पीलीभीत, शाहगढ़ माला व भोपतपुर पीलीभीत रेलखण्डों के मध्य भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है।

उत्तर- पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार उपरोक्त कारण के चलते उत्तर-पश्चिम रेलवे पर संचालित कई रेलसेवाएं रद्द रहेंगी, जिनमें गाड़ी संख्या 05097 टनकपुर-दौराई रेलसेवा 15 व 17 जुलाई को रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05098 दौराई-टनकपुर रेलसेवा 13, 16 व 18 जुलाई को रद्द रहेगी।


**कार्यालय श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल मण्डफिया, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/लेखा/श्रीसांमंमं/2024-25/1217 दिनांक- 11.07.2024

**-: ई-निविदा सूचना संख्या- 07/2024-25 :-**

श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल, मण्डफिया द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु उपयुक्त विभाग व श्रेणी एवं निविदा की प्रकृति के अनुरुप पंजिकृत व अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व सम्बन्धित विवरण व अन्य शर्ते इन्टरनेट वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक- 13.07.2024 को प्रातः 09:00 बजे से उपलब्ध होकर दिनांक 01.08.2024 सायं 06:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकते है। निविदाओं का निवदा शुल्क, धरोहर राशि व प्रोसेसिंग फीस श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल के बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा-मण्डफिया के खाता क्रमांक52430100000001 IFSC-BARB0MANDPHमें RTGS/NEFT/IMPS के माध्यम से जमा करवानी होगी। ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं की तकनिकी बिड दिनांक- 02.08.2024 को दोपहर 12:00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी।

| क्र. | कार्यों का विवरण | UBN |
|---|---|---|
| 1. | Construction of Road From Tulsi Plaza To Bypass Road | SMM2425WSOB00049 |
| 2. | Brass Railing and Gate in Corridor of Shri Sanwaliya Ji Mandir At Mandfiya | SMM2425WSOB00050 |

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री साँवलिया जी मंदिर मण्डल

# लोक अदालत में बैंकों की ओर से बकाया राशि में छूट देने से लोगों को फायदा मिला

## जालोर में राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी राजीनामे से एक दिन में हजारों मामलों का निबटारा किया

**जालोर ( कासं )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जिले के न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान पक्षकारान की आपसी सहमति से प्रकरणों में राजीनामा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में आयोजित लोक अदालत में एक दिन में हजारों प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि लोक अदालत को लेकर 9 बैंचों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत को लेकर जिले भर में न्यायालयों में पक्षकारान की भीड़ रही। लोक अदालत को लेकर न्यायालयों में सुबह से ही पक्षकारान की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी जो जो दोपहर होते होते भारी भीड जमा हो गई। जिला मुख्यालय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विभिन्न बैंकों, विद्युत निगम एवं जलदाय विभाग के प्री लिटिगेशन के प्रकरणों के निस्तारण हेतु लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यहां पर बैंकों की ओर से बकाया राशि में छूट देने से लोगों को काफी फायदा हुआ, बकाया राशि रोकड़ जमा करवाने पर बैंकों की ओर से छूट देने पर लोगों ने खूब दुआए भी दी। लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण में सहयोग देने पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं, राजस्व न्यायालयों के अधिकारियों का आभार जताया है। इससे पहले लोक अदालत के शुभारंभ के दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेश कुमार, एसीजेएम अंकित दवे, उखंड अधिकारी ताराचंद वैंकट, तहसीलदार गेनाराम, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, अधिवक्ता सरदारखान खोखर आदि मौजूद रहे। लोक अदालत के दौरान लोगों के बकाया संबंधी प्रकरणों में बैंकों और विद्युत निगम एवं जलदाय विभाग की ओर से काफी छूट दी गई तो लोगों ने खूब दुआएं दी।



जालोर जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा से प्रकरण का निस्तारण किया गया।
फोटो–राष्ट्रदूत

## आठ बाइक व मोपेड चोरी

**जोधपुर ।** कमिश्नरेट में वाहन चोरों ने अपनी सक्रियता बरकरार रखी है। गत चौबीस घंटों में कमिश्नरेट क्षेत्र में आठ दुपहिया वाहन चोरी हुए है। संबंधित थाना पुलिस अब इसमें जांच कर रही है। बनाड़ थाने में दी रिपोर्ट में गुर्जरों का बास बनाड़ निवासी राजेन्द्र पुत्र रावतराम प्रजापत ने पुलिस को बताया कि 11 जुलाई की रात्रि के समय अज्ञात शख्स सोढ़ेर रोड घर के बाहर खड़ी की उसकी बाइक को चुराकर ले गया। इसी तरह बनाड़ थाने में दी रिपोर्ट में भोपालगढ़ फाटक के पास बनाड़ निवासी राजू पुत्र आइदान ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बाहर खड़ी की बाइक को चुराकर ले गया । जबकि बलराम नगर नांदड़ी बनाड़ निवासी राहुल पारिक पुत्र कैलाशचंद पारिक ने पुलिस को बताया कि 12 जुलाई की शाम के समय वह एक मैरिज गार्डन आया था। जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया। इधर महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में शक्तिनगर गली नम्बर 9 निवासी ओमप्रकाश पुत्र पूनाराम दर्जी ने पुलिस को बताया कि 11 जुलाई की रात्रि के समय पीलवा हाउस के सामने खडी की उसकी बाइक चोरी हो गई। वहीं प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में कमला नेहरू नगर निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र पीर मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि 10 जुलाई को आखलिया चौराहे के पास खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया।

## प्राण प्रतिष्ठा का शोभायात्रा के साथ शुभारंभ

**सायला, ( निसं )।** निकटवर्ती ओटवाला स्थित बाणमाता मंदिर में नवनिर्मित नवकुंडीय यज्ञशाला के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित प्रथम दिन शनिवार को संत महात्माओं के सान्निध्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

जिसमें श्रद्धालुओं का हजारों की संख्या में सैलाब उमड पडा। प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन बाण माता मंदिर प्रांगण से सवेरे गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओ का पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर मंदिर प्रांगण पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद प्रातः साढे नौ बजे मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा रवाना हुई, जो गांव के मुख्य बस स्टेण्ड, आम चोहटा, गौशाला, मुख्य मार्ग सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए प्रतिष्ठा स्थल पहुंचकर विसर्जित हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड पार्टी चल रही थी।

बैंडपार्टी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत माताजी के गीतों पर युवा गुलाल उडाते हुए झूम रहे थे। इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। इसके बाद सुसज्जित घोडों पर लाभार्थी परिवारों के सदस्य पताका फहराते हुए माताजी के जयकारे लगा रहे थे। वहीं विभिन्न चढावों के लाभार्थी परिवार देवी देवताओं, मुख्य कलश और ध्वजा लेकर सुसज्जित वाहनों में सवार थे।

## सार-समाचार

### पैदल यात्रा के बैनर का विमोचन

**जोधपुर ( कासं ) ।** जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान, जोधपुर द्वारा संचालित बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा के बैनर का विमोचन शंकरलाल कच्छवाहा के सानिध्य में किया गया। परशुराम महादेव पैदल यात्रा 28 जुलाई को जोधपुर से रवाना होगी। प्रवक्ता जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि पिछले 27 वर्षों से यह पैदल यात्रा हर वर्ष निकाली जा रही है। इसमें शामिल होने वाले भक्तों के लिए भोजन व चाय पानी की व्यवस्था संस्थान द्वारा निशुल्क की जाती।हर वर्ष की भांति जोधपुर से लेकर परशुराम महादेव मंदिर तक की यात्रा का शुभारंभ श्रावण वदी सातम, शनिवार, 27 जुलाई को होगा । शोभा यात्रा 27 जुलाई, शनिवार को सायं 6.00 बजे शिव मन्दिर, बनावता का बेरा, चैनपुरा से संघ के अध्यक्ष शंकर लाल कच्छवाहा द्वारा पूजा–अर्चना के बाद शोभायात्रा को रवाना किया जाएगा। विभिन्न मांगों से होते हुए लाल सागर स्थित हनुमानजी के मन्दिर पर पहुंचेगी।यहां रात्रि को भक्ति संगीत संध्या का आयोजन रखा गया है । विमोचन के अवसर पर जयसिंह कछवाह,हरिनंदन कछवाह, डाक्टर आशीष कछवाह, रजत कछवाह, ललिता गहलोत,यामिनी चोहान,प्रियंका गहलोत,सोनिया कछवाह, शिल्पा कछवाह, जोगेनंदर गहलोत, चेरी गहलोत उपस्थित थे।

### कॉलेज में पौधे लगाए

**जालोर ( कासं )।** शांतिनाथ विद्या भारती टी. टी. कॉलेज जालोर के प्रांगण में शनिवार को प्रातः पौधारोपण किया गया। संस्थान के निदेशक मधुबाला भाटी की उपस्थिति में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने राज्य सरकार के सघन पौधारोपण कार्यक्रम के तहत पौधे लगाए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक के एन भाटी सर ने कॉलेज और विद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में वृक्षारोपण के महत्व को बताया कि हम सभी का कर्तव्य हे कि एक एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करे । इस अवसर पर टी टी कॉलेज के प्रधानाचार्य हनीफ खान, हनुमान प्रसाद उपाध्याय , मदन पनुसा, मनोज सिंह तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बारेलाल भास्कर , अनिल कुमार मिश्रा सहित विद्या भारती परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### कॉलेज में किया पौधारोपण

**जालोर ( कासं )।** स्थानीय वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने पौधारोपण किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से एनएसएस के स्वयंसेवकों ने एक–एक पौधा लगाकर उसकी आजीवन देखभाल करने का जिम्मा लिया।डॉ. मनीष शेखावत ने इस आयोजन को निरन्तर जारी रखने के लिए विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों से अपील की। डॉ. शिव कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### महिला निरंकारी संत समागम आज

**बालोतरा ( निसं )।** शहर के नेहरू पार्क, नेहरू कॉलोनी में विशाल महिला निरंकारी संत समागम का आयोजन आज रविवार को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। संत निरंकारी मण्डल जॉन बाडमेर–बालोतरा के मीडिया सहायक हितेश तंवर ने बताया कि, महिला सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए महिला निरंकारी संत समागम का आयोजन उदयपुर के ज्ञान प्रचारक बहन रेनू निमावत के सानिध्य में किया जाएगा। महिला संत समागम में बाडमेर, बालोतरा एवं इन दोनो शहर के आस–पास गांवों की सैकडों महिलाएं भाग लेगी।

### कमरें में युवक ने लगाया फंदा

**जोधपुर ( कासं )।** शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र बिहारी कॉलोनी में एक युवक ने किराए के कमरें में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। वह यहां पर फैक्ट्री में काम करता था। उसके भाई की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। बासनी पुलिस ने बताया कि बिहार के भोजपुर आरा हाल बासनी श्रमिक कॉलोनी में किराए पर रहने वाले 24 साल के जयराम कुमार पुत्र नथूनी शर्मा ने कमरें में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

## प्रभारी सचिव ने बजट घोषणा के कार्यों का किया निरीक्षण

**जालोर** (कासं)। जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर बजट घोषणा वर्ष 2024–25 के कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होनें राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024–25 की क्रियान्विति को लेकर भूमि आवंटन संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर स्वीकृत करवा कर पूरे करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव शर्मा ने पंचानवा नदी पर पुल निर्माण, बिठुडा–चांदराई सड़क निर्माण कार्य, भैंसवाडा डाईवर्जन कैनाल पर बॉक्स कलवर्ट पूल निर्माण कार्य का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात् प्रभारी सचिव ने जालोर शहर में पिंक टॉयलेट कॉम्पलेक्स, बायो टॉयलेट कॉम्पलेक्स निर्माण तथा जालोर शहर में सीवरेज लाईन निर्माण कार्य की साईट का भी निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों के लिए भूमि आवंटन होने वाले स्थानों का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होनें निरीक्षण के पश्चात् विभागीय अधिकारियों को राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024–25 को लेकर प्राथमिकता के साथ निर्धारित कार्यों एवं प्रक्रियाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई चतुर्भूज खोडीवाल, एक्सईएन रमेश सिंगारिया सहित नगर परिषद् के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बसन्तगढ़-अजारी में पौधे लगाए

**पिण्डवाडा ।** समीपवर्ती बसन्तगढ एवं अजारी के सरकारी भूमि पर ग्रीन होम संस्था की ओर से शनिवार को महानरेगा श्रमिको के द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षक एवं जागृति का संदेश दिया। ग्रीन होम संस्था के अध्यक्ष खेमराज प्रजापत, सदस्य सुरेष प्रजापत, महेन्द्र गर्ग, कन्हैयालाल प्रजापत सहित अन्य लोंगों ने बसन्तगढ के भटेश्वरफली में स्थित हनुमान मंदिर के आस–पास करीब 2 सौ 50 पौधे नरेगा श्रमिको के माध्यम लगाये गये। जिसमें सरपंच भीखाराम गरासिया ने संस्था का पौधारोपण करने में सहयोग दिया। निकटवर्ती ग्राम पंचायत अजारी में पंचायत संरपच लीला देवी देवासी की अध्यक्षता में किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फुटेला स्कूल, सार्वजनिक श्मशान घाट व गोचर में वड का पौधरोपण शुभारम्भ किया गया।

## नालियों में उगी बबूल की झाड़ियां

**रेवदर, ( निसं )।** रेवदर दांतराई– ग्राम पंचायत क्षेत्र में पिछले कई महीनो से नालो ओर नालियों की साफ–सफाई नहीं होने के कारण अब गंदा पानी मुख्य सडकों पर भी बहने लगा है। जबकि अब मानसून दहलीज पर है उसके बाद भी ग्राम पंचायत द्वारा नालियों की सफाई नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति ग्राम पंचायत के कई वार्ड में है। नाली का पानी सडक पर बहने के कारण हमेशा नारकीय स्थिति होती है। सडक पर बह रहे पानी से होकर ही लोगों का आना होता है। उसके बाद भी साफ सफाई व्यवस्था को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी ओर जब भी सडक से कोई वाहन निकलता है तो गंदा पानी या तो आसपास खडे लोगों के ऊपर उछलता है या फिर मकानों की दीवारों पर जा गिरता है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। गंदा पानी सडकों पर होने व नालिया भरी होने से आसपास के लोग बदबू के कारण परेशान रहते हैं। मच्छरों की संख्या बढने से भी लोग रातभर नहीं सो पा रहे हैं। जिसके चलते कई बार स्थानीय लोगों को स्वयं ही नालियां की सफाई करनी पड रही है। जिसके चलते ग्राम पंचायत की उदासीनता का खामियाजा लोगों को भुगतना पड रहा है । दांतराई कस्बे से निकले कई नालों की सफाई पिछले कई महीनो से न होने से नाले में गंदगी भरी हुई है। इस कारण उनमें बडी–बडी बबूल की झाडयां व घास भी उग आई है। जिससे पानी की निकासी बंद होने लगी है। अगर बारिश के पहले सफाई नहीं कराई गई तो जलभराव की स्थिति सामने आ सकती है। आम चौराहे से आने वाले पानी की निकासी के लिए विश्वकर्मा मंदिर के पास बनाए गए नालों में गंदगी व बडी–बडी बबुल की झाडयां उगी है साथ ही नाल भी टूट पडा हुआ होने से पूरा गंदा पानी आम रास्ते पर फैल रहा है लेकिन ग्राम पंचायत सफाई व्यवस्था को लेकर नजरअंदाजी कर रही है। बबूल की झाडयां इतनी बडी हो गई है कि वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी झेलनी पड रही है। दांतराई ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था बिगडने के चलते कई गलियों में कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं। लेकिन गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बिगड चुकी है। लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा मात्र होली और दिपावली के पर्व पर कभी–कभी दिखावे के नाम पर सफाई कर दी जाती है उसके बाद ग्राम पंचायत सफाई व्यवस्था को लेकर बिल्कुल मोन धारण कर लेती है। गांव की मुख्य गलियों और उच्च माध्यमिक जाने वाले मार्ग में गंदा पानी होने से वहां से गुजरने वाले विद्यार्थियों को भी गंदगी से चलने को मजबूर होना पड रहा है। बारिश का मौसम होने के बाद भी गांव में मुख्य नाले भी कचरे से अटै पडे हुए हैं लेकिन अभी ग्राम पंचायत उनकी सफाई व्यवस्था को लेकर कोई रुचि नहीं दिख रही।

## पार्क में अंबेडकर की प्रतिमा नहीं लगाने का विरोध

**जोधपुर, ( कासं ) ।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में नवनिर्मित संविधान पार्क में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नहीं लगाने को लेकर विवाद खडा हो गया है। इसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की और से शनिवार को प्रदर्शन कर विरोध जताया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शन में शामिल एबीवीपी के कार्यकर्ताओं का कहना था कि जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी में संविधान पार्क बनाया गया। जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर उस समय के कांठोस नेता रहे नेताओं की प्रतिमा और तस्वीर लगा दी गई।

## 'छात्रवृत्ति योजना गरीब परिवार के होनहारों के लिए होगी मददगार'

**बालोतरा, ( निसं )।** बालोतरा के निकट जसोल के श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान जसोल की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित द्वितीय छात्रवृत्ति योजना में चयनित छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र सुपुर्द किए गए।

योजना में चयनित 31 विद्यार्थियों को जिला कलेक्टर सुशील कुमार, पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी व संस्थान अध्यक्ष रावल किशनसिंह जसोल द्वारा छात्रवृत्ति प्रणाम पत्र दिए गए। इस दौरान जिला कलेक्टर सुशील कुमार ने कहा कि मालाणी व सिवांची क्षेत्र में नवाचार लाने की श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान, जसोल व स्प्रिंग बोर्ड एकेडमी, जयपुर की अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि योजना आर्थिक रूप से कमजोर व गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली छात्रों की शिक्षा आगे बढाने में आने वाले अवरुद्ध से मुक्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई शत प्रतिशत छात्रवृत्ति योजना मददगार साबित होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आर्थिक विषमता एक होनहार छात्र के लिए बाधा नहीं होनी चाहिए। उसी को ध्यान में रखते हुए आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जो छात्र अपनी मेहनत व लग्न के बलबूते कामयाबी हासिल करना चाहते है, लेकिन आर्थिक कमजोरी के कारण उन्हें निराशा हाथ लगती थी। उन हाथों का सहारा बनने का कार्य श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान, जसोल कर रहा है। जिसको लेकर संस्थान एवं संस्थान अध्यक्ष को बधाई देते है। संस्थान अध्यक्ष रावल किशनसिंह जसोल ने कहा कि संस्थान द्वारा छात्रवृत्ति योजना को शुरू करने का उद्देश्य योग्य छात्रों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें आगे बढाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## जोगाराम सचिव मनोनीत

**भीनमाल**, (निसं)। राजस्थान मेघवाल समाज के जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जोगाराम को जिला सांस्कृतिक सचिव मनोनीत किया है।

मेघवाल समाज के कर्मठ, जुझारू तथा लग्नशील समाजसेवी होने की वजह से राजस्थान मेघवाल समाज जिला जालोर के जिला सांस्कृतिक सचिव पद पर मनोनीत किया गया। राजस्थान मेघवाल समाज के राष्टीय अध्यक्ष गोपाल डेनवाल व राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सांगीलाल मेघवाल के आदेशानुसार जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने जोगाराम को जालोर जिला सांस्कृतिक सचिव के पद पर मनोनीत किया।

## 650छात्रों के एक वर्ष का शिक्षण शुल्क 50 लाख की राशि के चैक बांटे

**भीनमाल, ( निसं )।** नाहर फाऊन्डेशन एवं एसबी नाहर चेरिटेबल ट्रस्ट भीनमाल–मुंबई द्वारा नगर में संचालित सरकारी व निजी विद्यालयों में अध्यनरत जरूरतमंद छात्रों के शिक्षण शुल्क के चैक का वितरण समारोह का आयोजन शुकवार को स्थानीय विकास भवन में पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी, संभागीय वन संरक्षक राजकुमार जैन, डीएफओ देवेंद्रसिंह भाटी, विद्या भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार मोदी व नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रेमराज बोहरा की मौजूदगी में हुआ। जिसमें नगर में संचालित 20 विद्यालयों में अध्यनरत करीब 65 बालक–बालिकाओं के एक वर्ष का शिक्षण शुल्क 50 लाख रुपए की राशि के अलग–अलग चैक संस्था प्रधानों को अतिथियों के करकमलों से प्रदान किए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने शिक्षा को बढावा देने के लिए नाहर ग्रुप द्वारा एक वर्ष की विद्यालय शुल्क का आर्थिक सहयोग के पुनीत कार्य की प्रसंशा करते हुए शिक्षकों से राशि का सकारात्मक उपयोग करने और छात्र– छात्राओं को ध्यान ओर लग्न के साथ उच्च शिक्षा ग्रहण कर जीवन को सफल बनाने की बात कही। उन्होंने जिले में बढती नशे की लत पर चिंता जताते हुए अभिभावकों से बालको की दिनचर्या और खान–पान पर निगरानी रखने की बात कही।

नपा उपाध्यक्ष प्रेमराज बोहरा ने नाहर ग्रुप के प्रयासों और मोटिवेट के लिए डॉ. श्रवण कुमार मोदी की प्रसंशा की। संभागीय मुख्य वन संरक्षक राजकुमार जैन ने नाहर ठ्रूप द्वारा जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा उपलब्ध करवाकर बालक, उनके परिवार और समाज के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के प्रयासों की तारीफ की।जैन ने कहा कि नाहर ठ्रूप की गाढी कमाई का उपयोग शिक्षा जैसे पुनीत कार्य पर खर्च कर धन का सदुपयोग किया जा रहा है। यही बालक आगे बढकर देश और समाज की सेवा करेंगे।

## जिनेवा से माइसेटोमा पर प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ : डॉ. कच्छावा

**जोधपुर**, 13 जुलाई (कासं)। डॉ.दिलीप कच्छावा,पूर्व प्राचार्य एवं नियंत्रक तथा वरिष्ठ प्रोफेसर,त्वचा रोगविभाग,डॉ. एसएन मेडिकल को डीएनडीआईजिनेवा,स्विट्जरलैंड से माइसेटोमा पर प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ। डॉ. कच्छावा ने बताया कि माइसेटोमा चमडी के नीचे के ऊतकों का विनाशकारी संक्रामक रोग है । इसकी सराहना करते हुए डॉ एसएन मेडिकल कॉलेज की वर्तमान प्राचार्य एवं नियंत्रक तथा वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ रंजना देसाई ने बताया की कॉलेज को इस तरह का अंतरराष्ट ीय प्रोजेक्ट मिलना खुसी की बात है तथा यह माइसेटोमा रोग पर ज्ञान को तथा मरीजों को मिलने वाले उपचार को और अधिक उन्नत सतर पर ले जाएगा।



डॉ. दिलीप कच्छावा

**माइसेटोमा के दो प्रमुख प्रकार होते हैं :** यूमाइसेटोमा और ऐक्टिनोमाइसेटोमा। यूमाइसेटोमा में, रोग कारक फंगस संक्रमण (कवक) के कारण होता है, जबकि ऐक्टिनोमाइसेटोमा में बैक्टीरियल संक्रमण (ऐक्टिनोमाइसेस) के कारण गांठें उत्पन्न होती हैं। ये गांठें समय के साथ बढती हैं और शरीर के अंगों में दर्द, सूजन और त्वचा के बदलाव का कारण बनती हैं। इस रोग में शरीर की ऊपरी त्वचा या अंगों में संक्रमण होता है और रोगी के अंगों में गांठों का उत्पन्न होना शुरू हो जाता है। धीरे धीरे ये गांठे फूटने लगती है और इनसे स्त्राव तथा दानो का निकलना सुरु हो जाता है। यह रोग शुरू में अधिक दर्द उत्पन नहीं करता है, जिस से रोगी इसे अधिक गम्भीरता से नहीं लेते और समय से त्वचा रोग विशेषज्ञ के पास नहीं पहुँचते, इसलिए ये धीरे धीरे विशाल रूप ले लेता है ।इसका समय पर पता न चलने पर अंगों जैसे की मसल्स एंड हड्डी को नुकसान पहुंचा सकता है।शुरुआत में जहा इस रोग का इलाज केवल दवाईओ से संभव है वही अधिक समय बीतने पर पैर काटना भी पड सकता है। यदि आपको ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं, तो तुरंत एक त्वचा विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। माइसेटोमा का समय पर पता चलना और उपचार करवाना बहुत महत्वपूर्ण होता है। सही समय पर इलाज न होने पर यह रोग गंभीर स्थिति में बदल सकता है। डॉक्टर आपको आदेशित दवाओं के साथ–साथ चिकित्सा की दिशा में आगामी समय के लिएविभिन उपचार एवं सावधानिया बताते है जिनका पालन करना आवश्यक है।

## किसान मुआवजे के मामले निबटाए

**जोधपुर**, 13 जुलाई (कासं) । जिला कलक्टर गौरव अठावाल ने शुक्रवार को लूणी क्षेत्र के निरीक्षण पर रहे। इस दौरान उन्होंने सीएचसी झंवर, उप जिला अस्पताल सालावास एवं सीएचसी लूणी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलक्टर गौरव अठावाल ने ग्राम पंचायत झंवर में रात्रि चौपाल कर आमजन की समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा से संबधित अपनी समस्याओं, खाद्य सुरक्षा के पात्र व अपात्र परिवारों के नाम जुड़वाने एवं हटवाने, किसानों के मुआवजा से संबंधित मामलेसहित अन्य समस्याओं की और सभी का ध्यान आकृष्ट किया। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही उचित एवं त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। अठावाल ने ग्रामीणों द्वारा डॉक्टर की शिकायत किए जाने पर तत्काल सीएचसी झंवर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्डों में सफाई सहित परिसर में पर्याप्त साफ–सफाई रखने एवं मरीजों को बेहतर इलाज सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों एवं उनके रिश्तेदारों से बातचीत कर निशुल्क दवा, निशुल्क जांच सहित अन्य सुविधाओं का फीडबैक लिया।

## 2023-24 में जालोर नागरिक सहकारी बैंक का कुल व्यवसाय 625 करोड़ के पार

### जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की 26 वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न

**जालोर, ( कासं )।** जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की 26वीं वार्षिक आम सभा 2023–2024 की बैठक शनिवार को बिशनगढ के वतन रिसोर्ट में आयोजित की गई, जिसमें बैंक के अंशधारियों ने भाग लिया।

बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा बैंक का वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24 का प्रस्तुत करते हुए सदस्यों के समक्ष बैंक के वित्तीय आकडें प्रस्तुत किये। उन्होने बताया कि वितीय 2023–24 में बैंक का कुल व्यवसाय 625 करोड के पार हो गया। 2023–24 में बैंक की कुल हिस्सा पुंजी 12.80 करोड से बढकर 14.58 करोड, अमानते 325.06 करोड से बढकर 374.55 करोड ऋण व अग्रिम 195 करोड से बढकर 251.12 करोड व सकल लाभ 10.04 करोड व कर पूर्व लाभ 8.80 करोड रूपये अर्जित किया। इसमें आयकर का भुगतान 2.23 करोड करने के पश्चात शुद्ध लाभ 6.57 करोड रूपये रहा। बैंक का ठोस एनपीओ 2 प्रतिशत तथा नेट एनपीओ 0 प्रतिशत रहा हैं। संचालक मण्डल द्वारा 10 प्रतिशत की दर से कुल 1.28 करोड का लाभांश सदस्यों को वितरित करने की घोषणा की। आमसभा में बैंक के कार्यक्षेत्र का विस्तार सम्पूर्ण राजस्थान में करने हेतु बैंक के उपनियम संख्या 3 में संशोधन करने के सम्बंध में विशेष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से पारित किया गया। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमान्द भट्ट ने स्वागत एवं अभिनन्दन प्रस्तुत करते हुए बैंक की पिछले वित्तीय वर्ष की आमसभा कार्यवाही से सदस्यों को अवगत करवाया। इसकी सदस्यों द्वारा पुष्टि की गई। बैंक के सदस्य पदमाराम चौधरी, सावलाराम माली, मोहनलाल परमार, पुरुषोतम पोमल द्वारा विभिन्न विषयों पर सुझाव प्रदान किए गए। आमसभा में बैंक की शाखा जालोर के विरिष्ठ ग्राहक श्री रामजीवन फिडौदा तथा देवीलाल माली एवं शाखा उम्मेदाबाद के सोमाराम माली को बैंक के विशेष ग्राहकों के तौर पर सम्मानित किया गया।

बैंक के उपाध्यक्ष ललित दवे द्वारा बैंक की सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए अवगत करवाया कि बैंक द्वारा लगातार बैंक का विस्तार किया जा रहा है।




जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया।फोटो राष्ट्रदूत

## भाद्राजून में हुई रात्रि चौपाल

**जालोर, ( कासं )।** संभागीय आयुक्त ने शुक्रवार को आहोर उपखण्ड की भाद्राजून ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। रात्रि चौपाल के दौराना ग्रामीणों ने विद्युत, पानी, सड़क, ग्राम की नालियों व वार्डों में सफाई करवाने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनका मौके पर ही उन्होनें निस्तारण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर पूजा पार्थ, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, आहोर उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीना, तहसीलदार लधाराम पंवार सहित विभिन्न ब्लॉक स्तरीय अधिकारी–कार्मिक एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हादसे में एक की मौत

**जोधपुर, ( कासं ) ।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 पर ट्रक चालक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उसकी कुछ देर बाद मौत हो गई। इस बारे में उसके भाई ने करवड़ थाने में ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है । गोदारों की ढाणी बावड़ी खेड़ापा निवासी प्रकाश पुत्र थानाराम जाट ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई बाइक लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 पर नेतड़ा से निकल रहा था।

# 15 लाख रूपये का अवैध गांजा व डोडा-पोस्त जब्त, दो गिरफ्तार

## मालपुरा थाना पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ अजमेर रोड पर नाकाबंदी में कार्रवाई की

**मालपुरा,** (निसं)। लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत मालपुरा थाना पुलिस व जिला विशेष शाखा की डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से मालपुरा-अजमेर सड़क मार्ग पर हाथगी मोड़ के पास नाकाबंदी में मारूति वैन में ले जाया जा रहा 15 लाख रूपये का गांजा व डोडा -गोस्त के साथ मारूति वैन को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि एसपी के आदेशानुसार एएसपी रामकुमार कस्वा व डीएसपी महेन्द्र कुमार मीणा के सुपरविजन में डीएसटी व थाना पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से मुखबीर की सूचना के मुताबिक एक मारूति कार को रोक तलाशी ली, जिसमें कार में रखा 43 किलो 254 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रूपये तथा 10 किलो 209 ग्राम अवैध गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रूपये, बरामद हुये। कार सवार दोनों युवकों से पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिये जाने पर अवैध डोडा व गांजा सहित मारूति वैन को जब्त कर आरोपी जब्बार खां मनफूल खां पिनारा व महबूब खां पुत्र ईद मोहम्मद पिनारा दोनो हाल निवासी केकडी रोड भांसू थाना टोडारायसिंह को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट मे मामला दर्ज कर अनुसंधान डिग्गी थानाधिकारी कप्तान सिंह को सौंपा गया।


अवैध गांजा व डोडा-चूरा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया।

कार्रवाई के दौरान डीएसटी टीम प्रभारी हरिमन मीणा, थानाधिकारी चेनाराम बेडा, कांस्टेबल देवीशंकर, कपिल, नन्दाराम, राजेन्द्र, राधाकिशन, सोमपाल, कन्हैयालाल सहित साईबर सेल के कांस्टेबल शामिल रहे। अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध क्षेत्र के चारों थानों की पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्यवाही नहीं किये जाने तथा मालपुरा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे गांजा व डोडा सप्लाई के ठिकानों पर छापामार कार्यवाही नहीं किये जाने के परिणामस्वरूप क्षेत्र में गांजा व डोडा जैसे मादक पदार्थो की बिक्री भी धड़ल्ले से हो रही है। पुलिस का खोफ लोगों के मन से निकल जाने के चलते गांजा व डोडा से भरी सिगरेट शहर में होटल व ढाबों के साथ-साथ चाय की थडी व परचून की दुकान पर भी युवाओं को आसानी से परोसी जा रही है।

# युवक ने अपनी पत्नी के प्रेमी पर मारपीट का आरोप लगाया

## युवक ने न्याय की मांग को लेकर भीलवाड़ा कलेक्ट्री गेट पर हंगामा खड़ा किया


सुभाष नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने न्याय की मांग को लेकर कलेक्ट्री गेट पर हंगामा किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने अपनी पत्नी के प्रेमी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग को लेकर कलेक्ट्री गेट पर हंगामा खड़ा कर दिया। पीड़ित शंभू पिता बगतू रैगर ने बताया कि तीन मई को रात्रि में वह अपने परिवार के साथ घर पर सो रहा था।

इस दौरान किशन पुरी पिता नानुराम निवासी मठ मोहल्ला, सांगानेर अपने कुछ साथियों के साथ घर पर आया और अश्लील गली-गलौच करते हुए मकान में घुसने की नियत से तोड़फोड़ की। जब उसकी मां ने छत पर जाकर देखा तो उन पर पत्थर फैंके गए, जिसकी सूचना 112 पर देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जिससे पूर्व किशन अपने साथियों के साथ भाग निकला। 11 मई को दिन में किशन फिर से उसके घर पर आया और शंभू को जातिसूचक गलियां निकालते हुए मारपीट की। बीच-बचाव के लिए आई मां हरकू और 8 साल की बेटी दुर्गा के साथ भी मारपीट की।

पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी और किशन के बीच अवैध संबंध है जिसके कुछ सबूत उसके पास मौजूद हैं जिसके चलते किशन उससे रंजिश रखता है और सबूत मिटाने की नियत से ही उसके घर पर हमला किया गया। पीड़िता ने सुभाष नगर थाने में जब रिपोर्ट तो सांगानेर चौकी पर तैनात कांस्टेबल महादेव जाट ने मामले की जांच शुरू की।

पीड़ित का कांस्टेबल महादेव जाट पर रिश्वत लेने और मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करने का आरोप हैं। कलेक्ट्री गेट पर हंगामे की सूचना पर सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर मौके पर पहुंचे और समझाइश का प्रयास किया। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत दी है।

# 21 किलो पिस्ता खुर्द-बुर्द करने का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के मंडलनाथ स्थित सुचेता कृपलानी महाविद्यालय के पास वर्ष 2022 में एक कार और ट्रक में दुर्घटना हुई थी। कार में सवार चार लोग घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। मामले की जांच करवड़ थाने के एक हैडकांस्टेबल द्वारा की गई। मगर जांच सही नहीं करने और कार से 21 किलो पिस्ता गायब करने आरोप अब लगा है।

कोर्ट से मिले इस्तगासे में करवड़ थाने के हैडकांस्टेबल और तत्कालीन थानाधिकारी को आरोपी बताया गया है। करवड़ पुलिस ने अब मामला दर्ज किया है। मामले को लेकर बड़ाबास मथानिया के श्रवणकुमार पुत्र फूसाराम, गोलीयाली बेरा मथानिया निवासी श्यामसुंदर पुत्र जगदीश, झरबबेरा मथानिया निवासी सुरेश पुत्र झूमरलाल परिहार एवं मथानिया बस स्टेण्ड के पास रहने वाले रवि पुत्र हनुमान गोयल की तरफ से संयुक्त रिपोट दर्ज कराई गई है।

इसमें बताया कि 12 दिसम्बर 22 को यह लोग श्रवण कुमार की कार लेकर जोधपुर से मथानिया की तरफ जा रहे थे। तब माणकलाव के पास सुचेता कृपलानी महाविद्यालय के सामने एक ट्रक चालक ने कार को टक्कर मार दी। जिससे तीन गंभीर घायल श्रवण कुमार, श्यामसुंदर एवं सुरेश परिहार को एमडीएम रैफर किया गया था।

रिपोर्ट के अनुसार 13 दिसम्बर को इसमें मुरलीधर पुत्र सोहनलाल की तरफ से ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी गई। जिसकी पहचान मणाई निवासी सुमेर नाई के रूप में की गई थी। घटना के समय नरपत नाम के एक शख्स ने वीडियो बनाया था जिसमें ट्रक चालक सुमेर नाई होना प्रतीत हुआ था। इस प्रकरण में जांच करवड़ थाने के हैड कांस्टेबल देवकरण की तरफ से जांच आरंभ की गई।

रिपोर्ट में आरोप है कि हैड कांस्टेबल देवकरण ने जांच सही नहीं की और ट्रक का चालक पुरानी भाखरी बास निवासी मदनलाल को बता कर चार्ज शीट पेश कर दी। चूंकि श्यामसुंदर मथानिया बस स्टेण्ड के पास में न्यू परिहार नाम से मिठाई की दुकान संचालित करता है। उस दिन यह लोग मंडोर मंडी से 21 किलो पिस्ता लेकर लौट रहे थे। कार में पिस्ता था वह खुर्द-बुर्द कर दिया गया। जांच अधिकारी को पिस्ता के बारे में जिक्र किया तो कहा कि वह मालखाने में है और चार्जशीट में उसका जिक्र कर दिया गया है। मामले में 16 जनवरी 23 को चार्जशीट पेश की गई थी। रिपोर्ट में परिवादियों ने आरोप लगाया कि हैड कांस्टेबल देवकरण ने सही जांच नहीं की और 21 किलो पिस्ता को खुर्द-बुर्द करने के साथ ट्रक का चालक भी किसी और को बताकर मुल्जिम बना दिया। इसमें तत्कालीन थानाधिकारी पर भी आरोप लगाया गया है कि उनकी देखरेख में काम होता रहा, मगर उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

# साढ़े पांच वर्षीय बालक की पीटाई व अपशब्द का आरोप

## अध्यापक के खिलाफ परिजनों ने शिकायत दी

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू जिले के राजगढ़ में दुर्गादत भक्कड राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय इन्दिरा कॉलोनी में एक साढे पांच वर्षीय बालक के साथ विद्यालय के अध्यापक द्वारा मारपीट कर दुर्व्यवहार करने के आरोप का मामला सामने आया है।

घटना की सूचना पर शनिवार को विद्यालय पहुंचे चाईल्ड हैल्प लाईन 1०98 टीम के सुभाष कुमार सैनी सुपरवाईजर ने बताया कि 1098 के तहत सूचना मिली कि राजगढ़ के अन्दर इन्दिरा कॉलोनी वार्ड 33 में स्थित दुर्गादत भक्कड राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में राजेश कुमार नामक एक अध्यापक है, जो एक बच्चे के साथ मारपीट कर दुर्व्यवहार किया है। सूचना मिलने पर चाईल्ड हैल्प लाइन टीम चूरू के समन्वयक पन्नेसिंह के दिशा निर्देशन में टीम के सुभाष कुमार सैनी सुपरवाईजर एवं निखिल सिंह कैस वर्कर विद्यालय पहुंचे, जिन्होंने बालक के परिजनों, विद्यालय के प्रधानाध्यापक चक्रघर शर्मा एवं आरोपी शिक्षक राजेश कुमार से घटनाक्रम के बारे में पूछताछ कर बालक के परिजनों एवं आरोपी अध्यापक राजेश कुमार को चाईल्ड हैल्प लाईन टीम कार्यालय चूरू में पेश होने के आदेश दिये हैं। मौके पर सीबीईओ बबलेश शर्मा एवं नोडल प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह पूनियां ने भी विद्यालय पहुंचकर बालक के परिजनों, विद्यालय प्रधानाचार्य एवं आरोपी शिक्षक से पूछताछ कर आगामी कार्यवाही शुरू की है।

सीबीईओ बबलेश शर्मा ने बताया कि बालक के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार की सूचना मिली है तथा आगामी कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी चूरू को जानकारी दी गई है। इसी दौरान आरोपी शिक्षक राजेश कुमार ने मीडिया के सामने घटनाक्रम को जानकारी नहीं देते हुए कहा कि मैं पत्रकारों को जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं हूं।

प्रधानाध्यापक चक्रघर शर्मा ने बताया कि बालक के साथ शिक्षक द्वारा मारपीट व दुर्व्यवहार करने की शिकायत बालक के परिजनों से मिली है तथा आज सीबीईओ बबलेश शर्मा, नोडल प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह पूनियां एवं चाइल्ड हैल्प लाइन चूरू की टीम आई थी, जिसको लेकर मैंने उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया है तथा आगामी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। बालक के परिजन असलम ने बताया कि छोटे भाई का लड़का फर्स्ट टाईम विद्यालय आया है तथा बालक के साथ राजेश कुमार (पांचाल) अध्यापक ने बच्चे की बिना वजह पीटाई की है तथा बच्चों को अपशब्द व जातिवादी शब्द बोलता है तथा ना ही अपनी गलती स्वीकार कर रहा है, जिसको लेकर हमने बाल कल्याण समिति में शिकायत की है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट भिड़े

**टोंक,** (निसं)। पुरानी रंजिश के चलते कोतवाली थाना क्षेत्र के कंपू इलाके स्थित स्मार्ट बाजार के पास दोपहर को दो गुटों के युवक आपस में भीड गये, जहां चाकूबाजी की घटना में एक युवक जिसका नाम रामखिलाडी मीणा जो मीणो की ढाणी बनेठा का बताया गया है, को गम्भीर हालत में जिला मुख्यलाय स्थित सआदत चिकित्सालय में भर्ती कराया गया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। थाना पुलिस चाकूबाजों की तलाश में जुटी है। वृताधिकारी राजेश विद्यार्थी ने बताया कि हमलावरों की तलाश जारी है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# बेकाबू होकर पलटा ट्रक, चालक की मौत

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात मिड-वे के पास एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन घायलों को लेकर आगरा चले गए, जहां इलाज के दौरान ट्रक ड्राइवर ने दम तोड़ दिया। इसके बाद ट्रक ड्राइवर के शव को शनिवार सुबह जिला अस्पताल धौलपुर लाया गया। मृतक ट्रक ड्राइवर 45 वर्षीय अब्दुल वहीद पुत्र रफीक निवासी हापुड़ के शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

परिजनों ने बताया कि ट्रक अब्दुल वहीद अपने पुत्र छोटू और क्लीनर पप्पू के साथ ट्रक में केला भरकर मध्यप्रदेश से हापुड़ की ओर आ रहा था। तभी धौलपुर में मिड-वे के पास अचानक उसका ट्रक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे के बाद देर रात को मौके पर पहुंची पुलिस तीनों घायलों को लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंची, जिसके बाद घायलों के परिजनों को जिला अस्पताल बुलाया गया। ट्रक में मौजूद तीनों लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए परिजन आगरा के अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान ट्रक ड्राइवर ने दम तोड़ दिया।

# अवैध खनन के खिलाफ पांच विभागों ने कार्रवाई की

- टीमों ने बेसरड़ा बजरी प्लांट से चार टन बजरी जब्त की
- अवैध खनन बंद करने की मांग कर चुके हैं ग्रामीण

**खेतड़ी,** ( निसं)। खेतड़ी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर पांच विभागों की ओर से संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। इस दौरान चार टन बजरी भी जब्त की गई है। खेतड़ी क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन के कारोबार को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं व विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे मनोज घुमरिया की विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन दिए गए थे, जिसको लेकर जिला कलेक्टर ने तीन दिन पहले ही प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।


खेतड़ी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर पांच विभागों ने कार्रवाई कर बजरी जब्त की।

मेहाड़ा थानाधिकारी राजवीर सिंह शेखावत ने बताया कि जिला कलेक्टर व रेंज आईजी के निर्देश पर पुलिस, खनिज, राजस्व विभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर अवैध खनन, निर्गमन, भंडारन के खिलाफ औचक निरीक्षण कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। टीमों ने संयुक्त रूप से अवैध खनन, निर्गमन, भंडारन के लिए दुधवा, टीबा बसई नदी, बेसरड़ा व जमालपुर गांव में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बेसरड़ा गांव के बंद अवस्था में पाए गए पहलवान कंट्रेक्शन एंड स्टोन बजरी वांशिग प्लांट के कंवेयर के पास करीब चार टन बजरी का स्टॉक मिला। खनिज विभाग द्वारा बजरी को जब्त कर लिया।

थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि अवैध खनन के शामिल लोगों पर विशेष निगरानी की जा रही है तथा यदि कोई अवैध खनन करता पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। खेतड़ी क्षेत्र में अवैध खनन व ओवरलोड डंपरों का संचालन अधिक होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर भी विधानसभा में अवैध खनन का मुद्दा उठाकर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग कर चुके हैं। इसके अलावा ग्रामीणों की ओर खेतड़ी क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे अवैध खनन को बंद करवाने को लेकर शुक्रवार को एसडीएम को ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

# महिला के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर महंगा फोन फाइनेंस कराया

**अजमेर,** (कासं)। एक महिला के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल करते हुए महंगा फोन फाइनेंस कराने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने क्लॉक टावर थाने में दुकानदार और एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस में दी शिकायत पीड़िता ने बताया कि धोखाधड़ी का पता तब चला जब फाइनेंस कंपनी से बकाया ईएमआई चुकाने के लिए फोन आया। महिला ने कहना है कि उसने जो फोन लिया उसकी किस्त पूर्व में ही चुका दी थी और दूसरा अन्य कोई फोन लिया ही नहीं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दुकानदार व एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जटिया कॉलोनी पहाड़गंज अजमेर निवासी लता खोरवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 जनवरी 2020 को सेंट ऐन्सलम स्कूल के सामने मैसर्स श्री कृष्णा इलेक्ट्रिक एंड मोबाइल शॉप से 11 हजार 999 का मोबाइल पसंद कर फाइनेंस के लिए बोला था, जिस पर दुकानदार ने एक युवक को फोन कर बुलाया। युवक ने खुद को होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस लिमिटेड का एजेन्ट बताया। उसने आधार कार्ड, पेन कार्ड व बैक खाते सम्बन्धित दस्तावेज लिए तथा उसी समय दुकान पर फोटो ली। हर माह की किश्त 1547 रुपए जो छह माह तक पंजाब नेशनल बैंक के खाते से चुकाई। उसके कुछ माह बाद ही एक दो बार मोबाइल किश्ते बकाया होने के लिए कॉल आया, तब फाइनेंस कंपनी में जाकर पता किया तो बताया कि कोई किश्त बकाया नहीं है।

पीड़ित महिला लता खोरवाल ने बताया कि इसके बाद कोई कॉल नहीं आए लेकिन अब वापस कॉल आने लगे। उसके रिश्तेदारों के फोन पर कॉल कर लगातार धमका रहे हैं कि हम होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से बोल रहे हैं, लोन चुकाओ, नहीं तो केस करेंगे। मई 2024 में एक विधिक नोटिस मिला, जिसमें बताया कि मोबाइल पर लोन ले रखा है, जिसकी बकाया राशि 26 हजार 771 रुपए का भुगतान करें। जब इसका पता किया तो पाया कि वन प्लस वर्ड का मोबाइल स्टेशन रोड के पास न्यू अजमेर मोबाइल वर्ल्ड शॉप से खरीदना बताया।

पीड़ित ने बताया कि जबकि इस दुकान पर कभी नहीं गई और न ही कोई मोबाइल खरीदा। पूर्व में मोबाइल खरीद के समय दिए गए दस्तावेजों का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी की है।

# राहगीरों पर पथराव करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना पुलिस ने सड़क कर हुड़दंग मचाने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पाडली गुजरेश्वर के पास पथराव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

चौरासी थानाधिकारी ने बताया कि सड़कों पर बढ़ रही पथराव और लूटपाट की वारदातों पर रोकथाम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार देर रात के समय सूचना मिली कि पाडली गुजरेश्वर के पास अज्ञात बदमाश राहगीरों पर पथराव कर रहे हैं। इस पर थानाधिकारी के साथ हेड कांनि.ई श्वरलाल, कांनि. मुकेश कुमार, सुनील कुमार, जगदीश और पंकज की टीम पाडली गुजरेश्वर पहुंचे। मौके पर चार बदमाश युवक हुडदंग मचा रहे थे।


हुड़दंग मचाने के मामले में चार जनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बदमाशों को रोकते हुए अमरप्रकाश पुत्र शंकरलाल अहारी मीणा निवासी ददोडिया, हितेश पुत्र नाथूलाल अहारी मीणा निवासी ददोडिया, अरविंद पुत्र मणिलाल अहारी निवासी ददोडिया और रूपलाल पुत्र कांतिलाल रोत निवासी सांसरपुर फला कंजडिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पत्थरबाजी में संदिग्ध लगने पर शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है।

# पानी की समस्या को लेकर खंडेला क्षेत्र के लोगों ने सीकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

- खंडेला शहर के वार्डों में पीने का पानी 10 से 13 दिन में एक बार आता है जो केवल 15 मिनट या आधा घंटा आता है
- सैकड़ों महिलाओं व पुरुषों ने सिर पर मटके रखकर प्रदर्शन किया और एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**सीकर,** (निसं)। "सीकर मातृभूमि सेवा संस्थान राजस्थान" जिला सीकर के बैनर तले समाजसेवी डॉ. बी. एल. एचरा तथा समाजसेवी एड. गोकुलचंद गोदारा के नेतृत्व में खंडेला में पीने के पानी की समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय सीकर के सामने सैकड़ों महिलाओं व पुरुषों ने सिर पर मटके रखकर प्रदर्शन किया।

मातृभूमि सेवा संस्थान से समाजसेवी एडवोकेट गोकुलचंद गोदारा ने बताया कि खंडेला की ग्राम पंचायत दायरा के वार्ड 1 में तथा मेहरू की ढाणी के वार्ड नंबर 2 में करीब 10 साल पूर्व खंडेला पलसाना रोड की चौड़ाई करने के कार्य के दौरान उक्त वार्डों के पीने के पानी की पाइपलाइन को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उखाड़ दिया गया था। जून 2023 को दोबारा इन वार्डों में पाइपलाइन डाली गई। नई पाइपलाइन डालने के बाद उपभोक्ता दोबारा कनेक्शन लेने पहुंचे तो पिछले 10 साल के बिल थमा दिए गए। उपभोक्ताओं द्वारा गोदारा के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय खंडेला पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया गया। तब जलदाय विभाग के अधिकारियों ने विभाग की गलती मानते हुए कहा कि गलती से बिल जेनरेट हो गए। यह 10 साल के बिल नहीं लिए जाएंगे। लेकिन विभाग अपनी गलती सुधारने की जगह अब संपूर्ण बिल जमा करने का उपभोक्ताओं पर दबाव बना रहा है। ग्राम फतेहपुरा भोमियांन ग्राम (पंचायत गोकुल का बास) वार्ड नंबर 2 बलाईयों के मोहल्ले में जल जीवन मिशन योजना के तहत डाली गई पाइपलाइन ठेकेदार द्वारा कहीं 6 इंच तो कहीं 18 इंच दबाई गई तथा तोड़ी गई सीमेंटे रोड की आज तक मरमत नहीं की। लाइन की गहराई की जांच जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा तथा नगर पालिका खंडेला के कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा निष्पक्ष जांच करने के बावजूद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

खंडेला शहर के वार्डों में पीने का पानी 10 से 13 दिन में एक बार आता है जो केवल 15 मिनट या आधा घंटा आता है। पीने के पानी की सप्लाई की व्यवस्था बिल्कुल डगमगा चुकी है। सरकार द्वारा टैंकर द्वारा पीने का पानी डालने की व्यवस्था भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। टैंकरों से पानी सप्लाई में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

समाजसेवी डॉ. बी. एल. एचरा ने बताया कि गरीबों के साथ इस तरह का व्यवहार और अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकारी कर्मचारी सेवा करने के लिए हैं गरीबों को दबाने के लिए नहीं। अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार और जिम्मेदार अधिकारी उक्त समस्याओं का समाधान कर, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। खंडेला विधानसभा में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं। सरकार से मांग करते हैं कि पिछले 3 साल में जल जीवन मिशन योजना के तहत खंडेला में हुए सभी कार्यों की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच करवाई जावे।

धरने में किशोर दुल्हेपुरा, शिवनाथ सिंह, भंवर सिंह महला, गोकुल सिंह शेखावत, प्रमोद कुमावत, मनी देवी, विनोद कुमार सैनी, महेंद्र कुमार वर्मा, कमलेश कुमार गोदारा, सुभाष कुमार वर्मा सहित सैकड़ों पुरुष व महिलाएं उपस्थित रही।



स्पेन का पलड़ा निश्चित रूप से फाइनल में भारी होगा क्योंकि जिस तरह से वे खेल रहे हैं, उसे देखकर उनकी टीम पूरी तरह से संतुलित दिख रही है। वे तकनीकी रूप से अच्छा खेल दिखा रहे हैं। – **बाईचुंग भूटिया**

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान, रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ यूरो कप फाइनल में स्पेन के जीतने की संभावना जताते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## तूलिका मान



**देश** की युवा जूडो खिलाड़ी तूलिका मान ने पेरिस में होने जा रहे ओलंपिक गेम्स के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर लिया है। बर्मिंघम में 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में मान ने रजत पदक अपने नाम किया था। तूलिका मान शुरुआत से ही जूडो की सबसे प्रतिभावान खिलाड़ियों में शामिल रही हैं। वो राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। जूनियर लेवल पर वो रजत पदक जीत चुकी हैं। तूलिका 2019 से अंतरराष्ट्रीय जूडो फेडेरेशन के विश्व टूर में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने ताइपे में एशियन ओपन में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# जायसवाल और कप्तान गिल के अर्द्धशतक की बदौलत भारत ने जीती टी-20 श्रृंखला



हरारे, 13 जुलाई। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया।

जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। टी20 विश्व कप में जायसवाल को खेलने का मौका नहीं मिला था, उन्होंने 53 गेंद की नाबाद पारी में विकेट के चारों ओर शॉट लगाये। उनकी पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने संयम से खेलते हुए जायसवाल को ताबड़तोड़ रन जुटाने दिये तथा 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाये।

जायवाल का जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा पर बैक-ड्राइव शॉट दर्शनीय था और रिचर्ड नगारवा की गेंद पर छक्का भी उतना ही आकर्षक था। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों की खामियों का पूरा फायदा उठाते हुए जायसवाल ने नौ चौकों से अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि तब शुभमन 15 रन पर ही थे। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा के पास इन दोनों के चौकों छक्कों को रोकने का कोई विकल्प नहीं था। बस सवाल था कि जायसवाल अपना शतक पूरा कर पायेंगे या नहीं। या फिर गिल अपना अर्धशतक बनायेंगे।

गिल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे जायसवाल के पास शतक पूरा करने के लिए रन नहीं बचे। लेकिन उन्होंने शानदार पुल-शॉट के साथ मैच खत्म किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली। लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा।



## भारतीय जूनियर पुरुष हैंडबॉल टीम में राजस्थान के मोहित, हर्षित मेनारिया व प्रियांशु शर्मा शामिल

जयपुर, 13 जुलाई। अम्मान (जॉर्डन) में 14 से 26 जुलाई तक खेले जाने वाली एशियन जूनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजस्थान के तीन खिलाड़ियों मोहित, हर्षिल मेनारिया व प्रियांशु शर्मा का चयन हुआ है। भारतीय टीम के कोच राजस्थान के जोधपुर के मोहम्मद ज़ाकिर है। भारतीय टीम शनिवार को अम्मान पहुंच गयी। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्थान के श्रीगंगानगर के मोहित सेंटर बैक की पोजीशन पर, उदयपुर के हर्षिल मेनारिया लेफ्ट बैक की पोजीशन पर व जयपुर के प्रियांशु शर्मा गोलकीपर की पोजीशन पर खेलते है। भारतीय टीम के नई दिल्ली से रवानगी से पूर्व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय, महासचिव डा. तेजराज सिंह ने भारतीय टीम के चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ को कैंसर, कपिल देव ने डोनेट की अपनी पेंशन

नई दिल्ली, 13 जुलाई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड़ वर्तमान समय में कैंसर से जूझ रहे हैं। कैंसर की जंग में अंशुमन के पास पैसों की तंगी है।

## पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय ध्वजवाहक बने शरत

नई दिल्ली, 13 जुलाई। इसी महीने पेरिस में होने जा रहे ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल को ध्वजवाहक बनाया गया है। चार कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड, दो एशियन गेम्स के मेडल्स, तीन ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने के साथ साथ दो आईटीटीएफ प्रो टूर खिताबों के साथ, शरत कमल यकीनन भारतीय इतिहास के अब तक के सर्वश्रेष्ठ भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। राष्ट्रीय टीम से उन्हें बुलावा 2002 के कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले आया, जहां उन्हें 16-सदस्यीय संभावित प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना गया था।

शरत कमल को 20 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत करने के लिए यही ब्रेक चाहिए था। शिविर के अनुभव ने उन्हें आत्मविश्वास दिया और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के संपर्क ने उन्हें बेहतर बनाया।

अचंत शरत कमल का जन्म 12 जुलाई 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। यह शहर अपने टेबल टेनिस कौशल और कई राष्ट्रीय चैंपियनों के लिए जाना जाता है। टेबल टेनिस शरत के परिवार के जीन में था और उन्हें इससे मदद भी मिली।

## गुकेश और प्रज्ञानानंदा 45वें शतरंज ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम में

चेन्नई, 13 जुलाई। भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा। गुकेश (18 वर्ष) ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी



हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी अज्ञात कारणों से टीम से बाहर हैं जिन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने पहली बार 2022 में ओलंपियाड के पिछले चरण की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान देश ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीता था। यह ओलंपियाड का 45वां चरण होगा। हंगरी पहली बार आधिकारिक रूप से इसकी मेजबानी करेगा।

## नोवाक व कार्लोस के बीच फाइनल

लंदन, 13 जुलाई। रविवार यानी 14 जुलाई को विम्बलडन चैंपियनशिप 2024 में पुरुष सिंगल्स के फाइनल खेला जाएगा। इस मुकाबले में सर्बिया के स्टार नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्कारेज आपस में भिड़ेंगे। लंदन में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त नोवाक ने 25वीं सीड इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को सीधे सेटों में 6-4, 7,6 (2), 6-4 से हराया। कार्लोस अल्कारेज ने पुरुष सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराया था। मेदवेदेव मौजूदा विम्बलडन चैंपियन हैं। अल्कारेज ने पिछले साल नोवाक जोकोविच को हराकर खिताब जीता था। अब जोकोविच का लक्ष्य सेंटर कोर्ट पर मिली हार का बदला चुकता करने पर होगा।

## सेमीफाइनल में युवराज ने की ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की कुटाई

नई दिल्ली, 13 जुलाई। युवराज सिंह को भारत के महान ऑलराउंडर्स में गिना जाता है। युवराज अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए भी जाने जाते थे, वहीं एक बार उन्होंने साबित कर दिया कि उनके जैसा बल्लेबाज बन पाना मुश्किल है। भारत ने 2007 में टी20 वर्ल्ड कप और साल 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इन दोनों ही टूर्नामेंट में युवराज सिंह को योगदान बेहद अहम था। युवराज ने अपने बल्ले से जो पारियां खेलीं थी उनकी याद आज भी हर किसी के जहन में है।

युवराज को संन्यास लिए कई समय हो गया लेकिन उनकी बल्लेबाजी में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। दरअसल, युवराज सिंह इन दिनों वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में खेल रहे हैं। युवराज इंडिया चैंपियंस की कप्तानी कर रहे हैं और अपनी कप्तानी में वह टीम को फाइनल में ले गए हैं। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने ऐसी ताबड़तोड़ पारी खेली कि देखने वालों को विंटेज युवराज याद आ गए। 9 गेंदों में मचाया कोहराम

बता दें कि, युवराज ने इस मैच में 28 गेंदों पर 59 रनों की पारी खेली। इससमें से 46 रन तो युवराज ने महज 9 ही गेंदों में बना लिए। युवराज ने इस मैच में पांच छक्के मारे। यानी 30 रन छक्कों से आ गए। वहीं चार गेंदों पर उन्होंने चौके लगाए जिसका मतलब है कि 16 रन उन्होंने महज चौके से बटोरे। 9 गेंदों पर उनके बल्ले से निकले कुल 46 रन। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 210.71 का रहा। युवराज ने इस दौरान अपने वही पुराने शॉट्स दिखआए जो उनकी बल्लेबाजी की खूबसूरती हुआ करती थी।

## सिकंदर रजा ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास

### ऐसा करने वाले जिम्बाब्वे के पहले खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, 13 जुलाई। हरारे में भारत और जिम्बाब्वे के बीच चौथा टी20 मैच खेला जा रहा है। जहां इस मुकाबले में जिम्बाब्वे केसिकंदर रजा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इतिहास रच दिया है।

दरअसल, वे जिम्बाब्वे की टीम के लिए टी20आई क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। एक और बड़ी उपलब्धि उन्होंने अपने नाम की है। वे टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 2000 रन और 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। सिकंदर रजा ने भारत के खिलाफ चौथे टी20आई मैच में ये उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा सिकंदर रजा ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा निजी स्कोर भी बनाया है, अभी तक वे भारत के खिलाफ 34 रन ही बना पाए थे।

ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने जैसे ही भारत के खिलाफ हरारे में जारी चौथे टी20आई मैच में 13वें ओवर का आखिरी गेंद पर 17वां रन बनाया, वैसे ही वे जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर सीन विलियम्स हैं।

**राजधानी**

# शिव सिंह शेखावत और महिपाल गुट के आठ लोग गिरफ्तार

- **राजधानी के चित्रकूट इलाके में शुक्रवार को राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के बीच मारपीट व फायरिंग का मामला**
- **दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट का शनिवार को मामला दर्ज करवाया है।**

**जयपुर।** चित्रकूट इलाके में शुक्रवार को राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के बीच मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि मामले पुलिस ने राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत के साथ उसके 6 साथियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा महिपाल सिंह मकराना के दो साथियों को भी गिरफ्तार किया गया हैं इस मामले में दोनों गुटों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट का शनिवार को मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, मारपीट में घायल हुए महिपाल सिंह मकराना का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

वहीं दूसरी ओर दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मारपीट और फायरिंग का आरोप लगा रहे है। इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए है। पुलिस इन वीडियो की मदद से इस पूरे मामले की जांच कर रही है। इसके अलावा पुलिस सीसीटीवी सहित अन्य साक्ष्यों की भी पड़ताल में जुटी है। फिलहाल दोनों पक्षों के आरोपियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

शिव सिंह शेखावत ने बताया कि 'मकराना का शुक्रवार को मेरे छोटे भाई के पास फोन आया था। कह रहा था कि बैठकर बात कर लेते हैं। सभी बात कर रहे थे। वो शायद नशे में था। इस बीच उसने मेरे ऊपर फायर कर दिया। फायर जमीन पर लगा। इसके बाद मेरे गनमैन ने इसके सिर पर बंदूक का बट मार दिया। मकराना के साथ तीन लोग और थे। हमने उन सभी को पकड़ लिया।'

उधर, महिपाल की पत्नी वर्षा का कहना है कि महिपाल सिंह को धोखे से बुलाकर मारा गया है। उनको पता था ये आदमी अकेला आएगा। उन्होंने पहले से 40 लोग इकट्ठा कर रखे थे। उन्हें बुरी तरीके से मारा है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को भी इसी तरह धोखे से मारा गया था। उन्होंने मुझे अभी इतना बताया है, धोखे से बुलाकर मारा गया है। फायरिंग शिव सिंह तरफ से हुई है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि दोनों के पास गनमैन हैं। गनमैन से भी घटना को लेकर पूछताछ की जाएगी। राष्ट्रीय करणी सेना के कार्यालय से लिए गए सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। डीसीपी पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि दो पक्षों में झगड़े और फायरिंग की सूचना मिली थी। बुलेट का शेल मौके पर मिला है। फायरिंग में किसी को चोट नहीं लगी है। मारपीट में चोट लगी है। फिलहाल दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से शिव सिंह शेखावत और महिपाल सिंह मकराना के बीच राजपूत समाज में वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार रात को हुई घटना को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। दोनों ही गुट लंबे समय से एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी करते आए हैं।

## दुर्गाष्टमी आज, देवी मंदिरों में होंगे विशेष अनुष्ठान

**जयपुर।** आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। शिव योग, सिद्ध योग, रवि योग, जयद् योग में अष्टमी पर दस महाविद्या में मां बगलामुखी और मां दुर्गा के महागौरी रूप में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिरों में दुर्गा कवच पाठ, सप्तशती पाठ के साथ हवन होंगे। ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि दस महाविद्या में मां बगलामुखी की साधना दुश्मन के भय से मुक्ति और वाक सिद्धि के लिए की जाती है। जो साधक गुप्त नवरात्रि में इनकी साधना करता है वह हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। महाभारत के युद्ध में कृष्ण और अर्जुन ने कौरवों पर विजय हासिल करने के लिए माता बगलामुखी की पूजा की थी। मंदिरों में गुप्त साधना करने वाले साथ संकल्पित मंत्रों की महाष्टमी पर विशेष आराधना करेंगे। गुप्त नवरात्र का समापन पर मंदिरों में 15 जुलाई को श्रद्धालुओं द्वारा देवी का मनोरथ श्रृंगार किया जाएगा। दुर्गा कवच, सप्तशती पाठ किया जाएगा। घाटगेट श्मशान स्थित काली माता मंदिर में पुष्पांजलि, सप्तशती मंत्र से जगत कल्याण के लिए आहुतियां दी जाएंगी।

# मुख्यमंत्री से केंद्रीय कृषि मंत्री ने की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान दोनों नेताओं के बीच केंद्र और राज्य सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं और कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को राज्य सरकार द्वारा कृषक कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार के राज्य बजट में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण के लिए 96 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है। इस अवसर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी उपस्थित रहे।

## फरार बदमाश को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

**जयपुर।** चोरी के मामले में फरार चले से आरोपी को गिरफ्तार करने गई प्रताप नगर थाना पुलिस के दो कॉन्स्टेबल पर आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जान लेवा हमला कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोटखावदा पुलिस ने दोनो घायल कॉन्स्टेबलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जिसके बाद पुलिस ने फरार चल रहे नकबजन को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के बताए अनुसार विष्णु कुमार राहगीरों से मोबाइल लूटने व चेन स्नेचिंग के तीन अलग -अलग मामलों में फरार चल रहा था। सूचना पर प्रताप नगर थाना पुलिस की टीम कोटखावदा पहुंची । तभी पुलिस के पांच-छह जवानों को देखते ही विष्णु ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी ,डंडे से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस टीम पर हुए हमले में कॉन्स्टेबल वेद प्रकाश का हाथ फ्रेक्चर हो गया वही कॉन्स्टेबल शंकर के सिर में गंभीर चोट आई। पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में दोनो कॉन्स्टेबल पर गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस कर्मियों पर हमला होते देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल अवस्था में दोनो कॉन्स्टेबलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी विष्णु और उसके परिजनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपी विष्णु को पुलिस की गिरफ्तारी से बचाने के लिए विष्णु के परिजनों के सरकारी जीप पर भी लाठी,डंडे से तोड़फोड़ की।

## पति के सामने ही युवक के साथ बाइक पर फरार हुई विवाहिता

**जयपुर।** प्रतापनगर थाना इलाके में शादी के कुछ दिन बाद ही विवाहिता अपने पति के सामने ही दूसरे युवक के साथ बाइक पर सवार होकर भाग निकली। दुल्हन अपने साथ नकदी व गहने भी ले गई। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी 35 वर्षीय दूल्हे ने मामला दर्ज करवाया कि परिचित विक्रम और उसकी पत्नी घर मिलने आए थे। बातचीत के दौरान आरोपी दंपती ने उसकी शादी करवाने का झांसा दिया। शादी कराने की एवज में 2 लाख रुपए की डिमांड की। कुछ दिन बाद शादी के लिए लड़की बुलाकर दिखाई। पसंद आने पर शादी कराने के एवज में 2 लाख रुपए ले लिए। गत 12 जून को प्रताप नगर स्थित एक मंदिर में शादी करवा दी। दूल्हा-दुल्हन के बीच 500 रुपए के स्टाम्प पर शादी का समझौता हुआ। चार-पांच दिन ससुराल में रहने के दौरान गांव में कुछ रस्म निभाने चलने का बहाना बनाया। गत 17 जून को दूल्हे को साथ लेकर दुल्हन अपने गांव ले गई। अगले दिन सुबह पहुंचने पर मकान के बाहर लॉक लगा मिला। दुल्हन ने कॉल पर किसी से बात करने के बाद दूल्हे को बताया कि मां किसी रिश्तेदार के घर गई है। दो-तीन घंटे में वापस लौट आएगी। उसके कुछ देर बाद बुलेट सवार युवक घर के बाहर आकर रुका। दूल्हे के सामने ही गहने-कैश और कीमती सामान का बैग उठाकर दुल्हन बुलेट सवार साथी के साथ बैठकर चली गई। इंतजार के दौरान दूल्हे को धोखा देकर दुल्हन के भागने का पता चला।

इसी तरह हरमाड़ा थाना इलाके में एक विवाहिता घर से नकदी व जेवरात समेट कर प्रेमी के संग भाग गई। पुलिस ने बताया कि हरमाड़ा निवासी 35 साल के युवक ने मामला दर्ज करवाया कि साल-2012 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। 5 जून को जॉब पर गया था। दोपहर करीब 12 बजे बेटे ने पिता को कॉल कर मम्मी के ऑटो रिक्शा में बैठकर जाने की जानकारी दी। बिना बताए पत्नी के जाने का पता चलने पर पति घर पहुंचा। घर में रखी अलमारी को संभालने पर लॉकर में रखे सोने-चांदी के गहने और 3 हजार रुपए गायब मिले। रिश्तेदारों-परिचितों के यहां ढूंढने पर भी पत्नी का पता नहीं चल सका। गत 4 अप्रेल को भी बिना बताए पत्नी घर छोड़कर चली गई थी।

## चातुर्मास में भगवान भोलेनाथ संभालेंगे सृष्टि का संचालन

**जयपुर।** आषाढ़ शुक्ल एकादशी, 17 जुलाई को भगवान श्रीहरि विष्णु सृष्टि की सत्ता के संचालन का भार भगवान भोलेनाथ को सौंपकर 118 दिन के लिए योग निद्रा में जाकर विश्राम करेंगे। आदिदेव महादेव सृष्टि का कार्यभार 11 नवंबर तक अपने पास रखेंगे और 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर पुनः श्रीहरि के जागने पर उन्हें सत्ता सौंप देंगे।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर इस बार तीन खास योगों का संयोग बन रहा है, जो आगामी चार माह के लिए शुभ फलदायी एवं मंगलकारी रहेंगे। इनमें सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि और बुधादित्य योग रहेगा। देवशयनी एकादशी पर इस बार सूर्योदय से रात 11.18 तक सर्वार्थ एवं अमृत सिद्धि योग एक साथ रहेंगे।

सूर्य और बुध के कर्क राशि में एक साथ रहने से बुधादित्य योग भी रहेगा। यह तीनों योग खरीदारी एवं कार्यों की सफलता के लिए श्रेष्ठ माने जाते हैं। देवशयनी एकादशी से शुरू हो रहे चातुर्मास के साथ जैन एवं बौद्ध संतों का वर्षावास भी शुरु हो जाएगा।

## भडल्या नवमी को रहेगी शादियों की धूम

**जयपुर।** गृह प्रवेश-विवाह मंगल कार्यों का आखिरी मुहूर्त 15 जुलाई को भड़ल्या नवमी को है।

इसके बाद 17 जुलाई से देवशयन काल शुरू हो जाएगा, जो 11 नवंबर तक रहेगा।

इस बार देवशयन काल 118 दिनों का रहेगा। 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ फिर से विवाह आदि मंगल कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। नवंबर-दिसंबर में विवाह के मुहूर्त हैं। अगले साल जनवरी-2025 में विवाह के सबसे ज्यादा मुहूर्त हैं।

# चिंदी मिल गई तो खुद को बजाज समझ रहे हैं राहुल गांधी-शिवराज सिंह चौहान

## या तो गैंगस्टर राजस्थान में आएगा नहीं, यदि आया तो बचकर जाएगा नहीं- भजनलाल शर्मा

जयपुर 13 जुलाई (का.सं.)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने वृहद् प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता नींव का पत्थर है, भाजपा की आत्मा अगर उसका विचार है तो कार्यकर्ता उसका प्राण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के स्वर्ण सिंहासन पर बैठने नहीं आई, बल्कि दरिद्र नारायण की सेवा और समृद्ध विकसित राजस्थान के लिए सत्ता में आई है। हमारे लिए राजनीति प्रोफेशन नहीं, मिशन है। यही कारण है कि राम मंदिर, धारा 370 जैसे पुराने मुद्दों का समाधान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत एक ताकत बनकर उभरा है, जहां राष्ट्र हित सर्वोपरि है।

सिंह ने कहा कि समाज में चार ही जातियाँ हैं, गरीब, युवा, किसान और मातृशक्ति। इन चारों के ही कल्याण के लिए भाजपा संकल्पबद्ध है। किसानों का भला करने के लिए आवश्यक है कि फसलों का उत्पादन बढ़े, उत्पादन की लागत कम हो, उत्पादन का उचित मूल्य मिले, उसके नुकसान की भरपाई हो, फसलों का विविधिकरण हो और किसान प्राकृतिक खेती की ओर लौटे।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को चिंदी मिल गई तो अपने आप को बजाज समझने लगे हैं, इसी के चलते वो उस हिन्दू समाज को हिंसक बताने का पाप कर रहे हैं, जिस हिन्दू समाज ने "वसुधैव कुटुम्बकम्" और "सर्वे भवन्तु सुखिनः" का विचार दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सावचेत किया कि वे कांग्रेस के द्वारा झूठे नैरेटिव गढ़ने के प्रति सजग रहें और प्रखरता से अपनी बात को रखें। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि जिम्मेदारी के भाव से राष्ट्र हित में विचार को और सरकार के काम को जनता तक पहुंचाएं।

वृहद् कार्यसमिति को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश में 62 साल बाद इतिहास को दोहराते हुए नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की सबसे बड़ी ताकत बनने को ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत विधानसभा और लोकसभा दोनों ही चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है। भाजपा के कार्यकर्ता ने गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर परिश्रम किया और भाजपा की संकल्प यात्रा में आमजन को जोड़ने का कार्य किया। संकल्प पत्र में किए गए वादों को सरकार एक के बाद एक पूरा करने का काम कर रही है, फिर चाहे वो ईआरसीपी समझौता हो या फिर यमुना जल समझौता हो। ईआरसीपी योजना को लेकर सरकार ने भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया है और दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस योजना का शिलान्यास करेंगे।



*भाजपा की वृहद् प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में केन्द्रीय कृषि मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाग लिया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी व अन्य प्रमुख नेता भी मौजूद थे।*

- **फेक एजेंडे पर सत्ता की रोटियां सेकना चाहती है कांग्रेस- सी.पी. जोशी**
- **केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कार्य समिति की बैठक में प्रस्ताव रखा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एन.डी.ए. की सरकार बनी है, इसके लिए केन्द्रीय नेतृत्व का अभिनंदन किया जाना चाहिए। बैठक में सभी ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया।**
- **बैठक को भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भी संबोधित किया।**

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप, मीरा, पन्ना धाय की इस भक्ति और शक्ति की धरती पर हम अशांति नहीं फैलने देंगे। प्रदेश में संगठित अपराध के खिलाफ सरकार ज़ीरो टॉलरेन्स की नीति पर कार्य कर रही है, सरकार ने मेवात में साइबर क्राइम को जड़ से उखाड़ फेंकने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि या तो गैंगस्टर राजस्थान में आएगा नहीं, यदि आया तो बचकर जाएगा नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी के पास कोई विचारधारा नहीं है और न ही कोई संस्कार और नीति है। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं के पास विचारधारा है, और इसी विचार को लेकर कार्यकर्ता बढ़ रहा है, संगठन की पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता पर नजर है, भाजपा में कार्यकर्ता को सर्वोपरि माना जाता है, उसकी संवेदना, भावना और विचार को महत्व दिया जाता है। कार्यसमिति में पधारे सभी कार्यकर्ताओं को मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपके सार्वजनिक हित के कार्यों को सरकार प्राथमिकता से करेगी।

भाजपा की वृहद् प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा विचार को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, जबकि कांग्रेस परिवारवाद पर चलने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश आगे बढ़ा है, वहीं कांग्रेसी नेता फेक एजेंडा चलाकर पीएम मोदी को रोकना चाहते हैं, लेकिन जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है तथा इस विश्वास की बदौलत ही देश प्रगति की ओर अग्रसर है।

केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कार्यसमिति के दौरान लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार का अभिनंदन प्रस्ताव रखा। केंद्रीय नेतृत्व के अभिनंदन वाले प्रस्ताव का कार्यसमिति में मौजूद सभी लोगों ने स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि भाजपा की नीतियां और विचारधारा सुशासन की ओर ले जाने वाली हैं, जबकि कांग्रेस के पास न तो कोई नीति है और न ही नेतृत्व। कांग्रेस "फूट डालो राज करो" की नीति पर चलने वाली पार्टी है, लेकिन भाजपा सरकार के चलते कांग्रेस कामयाब नहीं हो पाई।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने कई चुनौतियां हैं, लेकिन भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की बदौलत पीएम मोदी इन चुनौतियों का सामना कर पा रहे हैं, पीएम मोदी के 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने में कार्यकर्ताओं और देश की जनता ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा जन हितेषी और ऐतिहासिक फैसले लिये जा रहे हैं। सरकार के कार्यों से प्रदेश की जनता खुश है, सरकार के कार्यो के बदोलत ही भाजपा आगामी समय में पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में जीत दर्ज करेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा अल्प समय में ही किये गये ऐतिहासिक कार्यों और निर्णयों के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए अभिनंदन प्रस्ताव पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने रखा और हरियाणा के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया ने इसका अनुमोदन किया।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दामोदर अग्रवाल ने पिछली कार्यसमिति के बाद दिवंगत हुए राजनैतिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों के प्रति शोक प्रस्ताव रखा। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कार्यसमिति के बारे में प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में दो प्रस्ताव पारित कर केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के लोककल्याणकारी निर्णयों का अभिनंदन किया गया और संगठन की नीति, विचार और सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

कार्यसमिति के दौरान मंच पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का सिंह गुर्जर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश माथुर, अरूण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

मंच संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेन्द्र गोठवाल और श्रवण सिंह बगड़ी ने किया।

# 'आम जनता को कानून के सिद्धांत सरल भाषा में समझाने की जरूरत

## सी.जे.आई. डी.वाय. चंद्रचूड़ ने कहा, ऐसा नहीं हो पाना कानूनी पेशे व कानूनी शिक्षा की कमी को बताता है

- **सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने लखनऊ में राम मनोहर लोहिया नैशनल लॉ युनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए यह कहा।**
- **कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरूण भंसाली व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।**

लखनऊ, 13 जुलाई। देश के मुख्य न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़ ने शनिवार को क्षेत्रीय भाषाओं में कानून पढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि अगर कानून के सिद्धांतों को आम जनता को सरल शब्दों में नहीं समझाया जा सकता है, तो कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा में कमी है।

लखनऊ में डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा, मैं अक्सर देश भर के शिक्षाविदों के साथ चर्चा करता हूं कि कानून को सरल भाषा में कैसे पढ़ाया जा सकता है। अगर हम कानून के सिद्धांतों को आम जनता को सरल शब्दों में नहीं समझा सकते हैं, तो कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा में कमी है।

मुख्य अतिथि के तौर पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ छात्रों को डिग्री भी वितरित की। सीजेआई ने कहा, कानून पढ़ाने में हमें क्षेत्रीय भाषाओं पर भी विचार करना चाहिए और मेरा मानना है कि आर.एम.एन.एल.यू. को हिंदी में एल.एल.बी. पाठ्यक्रम शुरू करना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालयों में क्षेत्रीय मुद्दों से संबंधित कानून भी पढ़ाए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति भूमि से संबंधित समस्या लेकर निकटवर्ती गांव से विश्वविद्यालय के विधिक सहायता केंद्र में आता है और छात्र खसरा और खतौनी जैसे शब्दों को नहीं समझता है, तो वो उसकी मदद कैसे कर पाएगा? इसलिए छात्रों को भूमि से संबंधित क्षेत्रीय कानूनों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश के रूप में उन्होंने न्याय प्रक्रिया को आम लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, अंग्रेजी में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का भारत के संविधान में मान्यता प्राप्त विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है, जिससे जनता इन फैसलों की विषय-वस्तु को समझ सके।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा वर्तमान में 1950 से 2024 तक के 37,000 सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हिंदी में अनुवाद किया गया है और यह सेवा सभी नागरिकों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है।

इस अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह, विधि विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आदित्य प्रताप सिंह, उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश मौजूद रहे।

## सोनिया से मिले झारखंड के मु.मंत्री हेमंत सोरेन

नयी दिल्ली, 13 जुलाई। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से यहाँ उनके आवास पर मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। सोरेन ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी साझा की है। उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की है

- **दस जनपथ पर सोनिया गांधी के साथ सोरेन ने झारखंड के आगामी वि.सभा चुनाव पर चर्चा की।**

जिसमें वह अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ गांधी के आवास पर उनसे मुलाकात कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद वे सोनिया गांधी से नहीं मिले थे इसलिए उनसे मिलने उनके आवास पर गये। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने गांधी से झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की।

## इंडिया गठबंधन ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

दौरान जेल में रहे थे। लेकिन मुश्किल यह है कि इस तरह के तर्क राजद, द्रमुक और भाकपा जैसी पार्टियों के नेताओं की स्थिति से मेल नहीं खाते। इनके नेताओं का कहना है कि भाजपा अपने पापों को छिपाने के लिए ऐसी चालबाजियां कर रही हैं।

आपातकाल की बहस को फिर से छेड़ने में भाजपा का नुकसान भी है क्योंकि स्व. बालासाहेब ठाकरे और आर.एस.एस. के तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहेब देवरस जैसे दक्षिणपंथी नेताओं ने आपातकाल का समर्थन किया था। देवरस ने इंदिरा गांधी को कम से कम दो पत्र लिखकर उन्होंने इस बात की बधाई दी थी कि आपातकाल के उनके निर्णय के कारण प्रशासन में अनुशासन और कुशलता आई है।

शिवसेना (यू.बी.टी.) प्रवक्ता संजय राउत ने शनिवार को जोर देकर कहा कि आपातकाल उस वक्त लागू किया गया था, जब रामलील मैदान से एक खुला आव्हान कर जवानों और सेना से कहा गया था कि वे सरकार के आदेशों को ना माने। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिन्ताएं थी। कुछ लोग बम बना रहे थे और विस्फोट कर रहे थे। ऐसी स्थिति में यदि अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री होते तो वह भी आपातकाल लागू करते।"

## जमीनी विवाद...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

वाले अभियुक्त सगीर के साथ गांव की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसके चलते सगीर उसके पिता के साथ रंजिश रखता था।

बीती रात अभियुक्त उसके पिता की तलाश करता हुआ उनके घर आया था। रात को अभियुक्त खाना खाकर उसके पिता के साथ सो गया। वहीं देर रात को अभियुक्त ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसके पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को हत्या के प्रयास के अपराध में गिरफ्तार किया। वहीं बाद में इलाज के दौरान अयूब की मौत होने पर पुलिस ने हत्या की धारा जोड़ते हुए अभियुक्त के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया। वहीं अभियुक्त की ओर से अपने बचाव में कहा गया कि वह घटना के समय अपने मकान के नीचे बैठा था।

इस दौरान शोर शराबा होने पर कई लोग आए और मुझे आकर पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया। हत्या में उसकी कोई भूमिका नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## हिमाचल की ....

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

परन्तु उन्होंने आर.जे.डी. के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था। संसदीय चुनावों में भारती की पराजय होने के बाद, उन्होंने आर.जे.डी. के प्रत्याशी के रूप में यह उप-चुनाव लड़ा था। 2024 में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के बाद ये प्रथम उपचुनाव थे, इन लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 240 सीटों पर विजय प्राप्त की थी, जो कि बहुमत से 32 सीटें कम थीं। हालांकि, एन.डी.ए कुल 293 सीटें जीतकर 272 सीटों का आंकड़ा पार कर आधा रास्ता तय करने में कामयाब रहा। कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन 232 सीटे जीतने में सफल हुआ था।

## आवंटियों की ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

का वादा किया। वहीं प्रोजेक्ट में एक भव्य क्लब हाऊस बनाने का वादा कर आवंटियों से सुविधाओं के नाम पर लाखों रुपये लिये गये। प्रोजेक्ट को वर्ष 2017 तक पूरा किया जाना था, लेकिन बिल्डर ने सुविधाओं का निर्माण नहीं किया। इसके अलावा गत वर्ष प्रोजेक्ट में क्लब हाउस निर्माण हेतु निर्धारित की गई जमीन पर एक नई प्लॉटिंग स्कीम जेडीए से स्वीकृत कराकर रेरा में पंजीकृत करवा ली। जबकि ऐसा करने से पूर्व ना तो आवंटियों को सूचित किया गया और ना ही आवंटियों की सहमति ली गई। प्राधिकरण ने अपील को स्वीकार करते हुए माना कि बिल्डर ने प्रोजेक्ट का निर्माण पूर्ण नहीं किया और ना ही कम्पलीशन सर्टिफिकेट व ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया। इसके अलावा बिल्डर ने आवंटियों की सहमति के बिना अपने स्तर पर ही प्रोजेक्ट के तय ले-आउट प्लान में बदलाव कर दिया। योजना पूरी हो जाने के बाद योजना के कॉमन एरिया पर आवंटियों वेलफेयर एसोसिएशन का अधिकार हो जाता है व बिल्डर को समस्त कॉमन एरिया आवंटियों की संस्था को सुपुर्द किया जाना होता है।

## प. बंगाल में चारों सीटें जीतीं तृणमूल...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

रूप से यही अनुभव रहा है कि क्यू.आर.टी. टीमों को संकटग्रस्त स्थानों तक, सीधे और छोटे रास्तों के बजाय, सर्वाधिक घुमावदार रास्तों से ले जाया जाता था जिससे वे देर से पहुंची।

इसके बाद, उपद्रवग्रस्त स्थान को नियन्त्रित करने में कानून-व्यवस्था द्वारा हस्तक्षेप का प्रश्न भी सैद्धान्तिक किन्तु अव्यवहारिक दबाव बनाता था। निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के किसी प्रयास को रोकने के लिये, तृणमूल कांग्रेस ने एक नई तकनीक अपनाई थी।

तृणमूल कांग्रेस के गुन्डे मतदान केन्द्रों के आसपास तैनात कर दिये गये थे तथा वे सोचे-समझे तरीकों से सभी विपक्षी नेताओं को यह देखने के लिये मतदान केन्द्रों तक पहुँचने से रोक देते थे कि चुनाव निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो रहा है या नहीं। कोई भी विपक्षी नेता किसी भी मतदान केन्द्र तक नहीं पहुँच पाता था, भले ही उन्हें तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा बूथों पर कब्जा करने की सूचनाएं क्यों न मिल गई हों।

राज्य के सत्तारूढ़ दल, तृणमूल कांग्रेस ने डराने-धमकाने का काम मतदान-दिवस से काफी पहले ही शुरू कर दिया था तथा यह सुनिश्चित कर लिया था कि विपक्षी दल निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिये अपने लोगों को किसी भी तरह कहीं नहीं भेज सकें।

नामांकन पत्र भरने की तिथि से लेकर मतदान-दिवस से पहले वाली रात तक विपक्षी उम्मीदवारों की गई धमकियों के अलावा, तृणमूल के गुंडे विपक्षी नेताओं के खिलाफ अपने बाहुबल के कार्यक्रम चलाते ही रहते थे।

मतदान वाले दिन, किसी भी विपक्षी दल के एजेंट को मतदान केन्द्रों के अन्दर नहीं बैठने दिया गया था। जहाँ कहीं भी विपक्षी प्रत्याशियों ने इन मतदान केन्द्रों पर जाने की कोशिश की, उन्हें तृणमूल के गुंडों ने रोक दिया।

सच तो यह है कि विपक्षी दलों तथा सभी पर्यवेक्षकों का मानना है कि जब तक तृणमूल कांग्रेस सत्ता में है, तब तक राज्य में निष्पक्ष चुनाव हो ही नहीं सकते। मौजूदा सरकार के हटने की स्थिति में ही निष्पक्ष चुनाव संभव है। यही इस राज्य की जमीनी स्थिति है।

## संविधान हत्या ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

सम्मान नहीं किया और संविधान खत्म करने का आव्हान करते रहे हैं लेकिन अब वही लोग संविधान हत्या दिवस मनाने जा रहे हैं। वाड्रा ने कहा, भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे।" उन्होंने कहा "जिन्होंने संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आव्हान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा।"

## 'चीन के "एसैट्स" को नैशनलाइज़...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

धमकने के रूप में देखा जा रहा है। यूरोपीय देश खतरे को आसान मानकर चल रहे हैं, इसलिए वे रूस के खिलाफ एक कॉमन लाइन ऑफ डिफैंस बना रहे हैं और उसे क्रियाशील करने की तैयारियों में जुट गए हैं।

नाटो के सहयोगी देशों ने पश्चिमी देशों में रूस के कई स्लीपर सैल्स की पहचान की है। रूस के ये जासूस यूक्रेन जा रहे सामान की सप्लाई लाईन्स में व्यवधान डालने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने पश्चिमी यूरोप में अस्त्र-शस्त्र और गोला-बारूद्ध के ऐसे कई भण्डारों को अवरूद्ध कर दिया है जो यूक्रेन के लिए अबाधित सप्लाई को अहम माने जाते हैं।

हाल ही, अमेरिका और जर्मनी की इंटैलीजैंस यूनिट्स ने दावा किया कि उन्होंने एक शस्त्र फैक्ट्री के सी.ई.ओ. की हत्या करने की रूस की साजिश को विफल कर दिया है। यह फैक्ट्री यूक्रेन की सेना को हाई ग्रेड वैपन सिस्टम की सप्लाई करने वालों में थी।

फिनलैण्ड में भी कुछ इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसीलिटीज़ पर रूस के गुप्त हमले हुए हैं। रूस की सीमा फिनलैण्ड से लगती है और फिनलैण्ड के थोड़ा अंदर ही उसके कुछ अन्तः क्षेत्र हैं और इन अन्तः क्षेत्रों को रूस की सैन्य चौकियों के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है।

चूंकि यूक्रेन में रूस का आक्रमण और तेज होता जा रहा है और पश्चिम के देशों में भी उसकी गुप्त गतिविधियां बढ़ रही है, इसलिए पश्चिमी यूरोप के देश रूस के भविष्य के युद्धाभियानों का मुकाबला करने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं।

## कर्नाटक आदिवासी बोर्ड के प्रमुख बसनगौड़ा दद्दाल लापता

बेंगलुरु, 13 जुलाई। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष बसनगौड़ा दद्दाल कथित तौर पर लापता हैं। ज्ञातव्य है कि, ईडी उन्हें बोर्ड में अनियमितताओं के सिलसिले में हिरासत में लेने की तैयारी में था।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक बसनगौड़ा दद्दाल बेंगलुरु या अपने पैतृक स्थान रायचूर में अपने आवास पर नहीं मिले। बसनगौड़ा दद्दाल शुक्रवार को विशेष जांच दल (एस.आई.टी.) के सामने पेश हुए थे और उसके बाद वे कहां हैं उनका पता नहीं है।

सूत्रों ने आरोप लगाया कि ईडी की गिरफ्तारी से बचने के लिए दद्दाल अपनी इच्छा से एसआईटी के सामने पेश हुए थे। हालांकि, एसआईटी अधिकारियों ने कथित तौर पर उन्हें समझाया कि ईडी द्वारा उन्हें कभी भी हिरासत में लिया जा सकता है और उन्हें वापस भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने, दद्दाल द्वारा जनजातीय बोर्ड से कथित रूप से गबन किए गए पैसे को रियल एस्टेट में निवेश करने के संबंध में पर्याप्त सबूत जुटा लिए हैं।

ईडी ने एनईएफटी, आरटीजीएस और यूपीआई लेनदेन के माध्यम से उनके परिवार के सदस्यों के खातों में बड़ी मात्र में ट्रांसफर की गई धनराशि का भी पता लगाया है।

# 'गत 3-4 साल में रोजगार के 8 करोड़ अवसर सृजित हुए हैं'

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आर.बी.आई. की इस रिपोर्ट ने झूठ फैलाने वालों का मुंह बंद कर दिया है

- **प्रधानमंत्री ने कहा रोजगार पर झूठे आंकड़े फैलाकर विपक्षी पार्टियां विकास परियोजनाओं में अड़ंगा लगा रही है।**
- **प्रधानमंत्री ने यह बात महाराष्ट्र में 30 हजार करोड़ की सड़क व रेल परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कही।**
- **प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना का उद्घाटन किया, जिसके तहत हर साल दस लाख शिक्षित युवाओं को भत्ते के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा।**

मुंबई,13 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि, पिछले तीन साल में रोजगार के करीब आठ करोड़ नये अवसर सृजित हुए हैं, जिससे रोजगार के मामले पर झूठी तथ्यहीन बातें फैलाने वालों का मुंह बंद हो गया है।

मोदी ने कहा कि कोरोना के बावजूद भारत में रिकॉर्ड संख्या में रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा, हाल में रोजगार के बारे में आरबीआई ने एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीन-चार सालों में देश में करीब आठ करोड़ नये रोजगार पैदा हुए हैं। इन आंकड़ों ने उन लोगों का मुंह बंद कर दिया है, जो झूठी बातें फैला रहे थे।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी नेताओं पर बुनियादी परियोजनाओं और विकास के कार्यों में अड़ंगा डालने का आरोप लगाया और कहा कि, देश के लोगों ने उनकी साजिशों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, ये लोग निवेश, बुनियादी ढांचा और देश के विकास के कामों का विरोध करते हैं और अब उनकी कलई खुल गयी है। देश के नागरिक उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।

मोदी ने इस कार्यक्रम में मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 30 हजार करोड़ रुपये की सड़क मार्ग और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना का भी उद्घाटन किया। छिहत्तर हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत हर साल 10 लाख शिक्षित युवाओं को भत्ते के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और रामदास अट्ठावले, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि महाराष्ट्र सरकार ने हर साल 10 लाख नौजवानों को कार्य कौशल का प्रशिक्षण देने का संकल्प लिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मेरा लक्ष्य मुंबई को दुनिया की फिनटेक (फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी) कैपिटल (राजधानी) बनाना है और मुंबई को और विकसित कर यहां के लोगों के जीवन स्तर को सुधारना और उनके लिए रोजगार के अवसरों का विस्तार करना है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में मुंबई और महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसीलिए उनकी सरकार ने मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं के विस्तार का बीड़ा उठाया है। तटीय मार्ग और अटल सेतु का काम पूरा हो चुका है। हर रोज अटल सेतु का 20 हजार वाहन इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे रोजना 20 से 25 लाख रुपये के ईंधन की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि अटल सेतु बन रहा था, तो कुछ लोग इसका विरोध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले मुंबई में मेट्रो रेल केवल आठ किलोमीटर लंबा नेटवर्क था, जो अब 80 किमी तक पहुंच गया है और 200 किमी की लाइनों पर काम चल रहा है।

मोदी ने मुंबई में आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया, उनमें गोरेगांव-मुलुंद सड़क मार्ग परियोजना का भूमि पूजन, ठाणे-बोरीबली दोहरी सुरंग -सड़क परियोजना का शिलान्यास भी शामिल है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908